Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 24 | रविवार, 25 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 'बेटियों का उज्ज्वल भविष्य, देश की प्राथमिकता'

# पीएम मोदी ने कहा- पिछले 10 वर्षों में शिक्षा और स्वास्थ्य पर रहा विशेष जोर

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं के कल्याण और विकसित भारत के निर्माण में उनके योगदान के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए गए दस वर्षों के प्रयासों पर प्रकाश डाला। एक्स संदेश में पीएम ने कहा, "हम बालिकाओं के लिए गरिमापूर्ण जीवन, अवसर और आशा सुनिश्चित करने के अपने अटूट संकल्प की पुष्टि करते हैं।" राष्ट्रीय बालिका दिवस प्रतिवर्ष 24 जनवरी को बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और समग्र कल्याण को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा, "पिछले दस वर्षों में, हमने बालिकाओं की बेहतर शिक्षा, कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित किया है। इससे ऐसा वातावरण सुनिश्चित



हुआ है, जहां बालिकाएं फल-फूल सकती हैं और विकसित भारत के निर्माण में प्रभावी योगदान दे सकती हैं।" इससे पहले एक अवसर पर, मोदी ने बालिकाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया था। उन्होंने कहा, भारत को सभी क्षेत्रों में बालिकाओं की उपलब्धियों पर गर्व है। उनकी उपलब्धियां हम सभी को प्रेरित करती रहती हैं।"

### महिलाएं आज हमारे राष्ट्र की प्रगति का नेतृत्व कर रहीं : शाह


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए इस बात पर जोर दिया कि लड़कियां केवल जिम्मेदारी नहीं हैं, बल्कि वे अदम्य शक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं और राष्ट्र निर्माण में एक अमूल्य शक्ति हैं, क्योंकि महिलाएं अब भारत की प्रगति का नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने कहा कि रानी लक्ष्मी बाई, रानी वेलु नचियार, मुला गभारू और प्रीतिलता वादेदार के गौरवशाली उदाहरण हर भारतीय के दिल को गर्व और प्रेरणा से भर देते हैं। शाह ने कहा, "मोदी सरकार के महिला-नेतृत्व वाले विकास के मंत्र ने नारी शक्ति को विकास में सबसे आगे रखा है।"

## 'मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स' पर लगेगी मुहर, निर्णायक दौर में चर्चा

नई दिल्ली।

यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने में जुटे भारत सरकार के अधिकारियों के लिए शनिवार का दिन खासा व्यस्तता भरा रहा।


इससे भी ज्यादा व्यस्तता का दिन रविवार को होने की संभावना है जब दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों के अधिकारियों और रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के बीच 27 जनवरी को भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) शिखर सम्मेलन में होने वाले कुछ दूसरे समझौतों को अंतिम रूप देने के लिए महत्वपूर्ण विमर्श का दौर चलेगा। इसके लिए ईयू की हाई रिप्रेजेंटेटिव और वाइस-प्रेसिडेंट काया कालस शनिवार को नई दिल्ली पहुंची हैं। सूत्रों ने बताया है कि आगामी शिखर सम्मेलन का एजेंडा इतना व्यापक है कि सिर्फ 25 व 26 जनवरी को ही नहीं बल्कि 27 जनवरी को होने वाली बैठक से कुछ समय पहले तक अगर विमर्श चलता रहे तो इसमें आश्चर्य



वाली कोई बात नहीं है। उधर, यूरोपीय संघ की प्रेसिडेंट उसूर्ला वान डेर लायन ने भारत आने से पहले भावी एफटीए को लेकर पूरा माहौल बना दिया है। इंटनेट मीडिया पर उन्होंने भारत व ईयू के बीच होने वाले एफटीए को 'मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स' बताते हुए लिखा- 'हम भारत और ईयू के बीच एफटीए को अंतिम रूप दे रहे हैं। जल्द ही दिल्ली में मिलते हैं।' तीन दिन पहले, उन्होंने दावोस में विश्व आर्थिक मंच की बैठक में कहा था कि ईयू भारत के साथ एक ऐतिहासिक व्यापार समझौता करने जा रहा है जो दो अरब लोगों के बाजार का निर्माण करेगा, जोकि दुनिया की एक चौथाई जीडीपी के बराबर है। उन्होंने भारत को वैश्विक विकास का केंद्र और इस सदी के पावर हाउस के रूप में भी चिह्नित किया था।

### राजनाथ सिंह ने युवाओं से किया आह्वान

## कहा- हर चुनौती का सामना करने के लिए रहे तैयार



नई दिल्ली।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि जब दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है, तब भारत के युवाओं को मजबूत रहना चाहिए और हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। एनसीसी कैडेटों के एक समूह को संबोधित करते हुए उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की मुंहतोड़ जवाबी कार्रवाई का जिक्र किया और उनसे आपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। सिंह ने एनसीसी कैडेटों को देश की दूसरी रक्षा पंक्ति बताया। सिंह ने कहा, "भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और गुलाम जम्मू कश्मीर में स्थित आतंकवादियों को नष्ट कर दिया, जो पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब था।" उन्होंने कहा, "हमारे सैनिकों ने साहस और संयम के साथ काम किया। हमने केवल उन्हीं को निशाना बनाया और नष्ट किया जिन्होंने हमें नुकसान पहुंचाया, किसी और को नहीं।" रक्षा मंत्री ने युवाओं को महाभारत के अभिमन्यु के समान बताया, जो किसी भी प्रकार के चक्रव्यूह में प्रवेश करके विजयी होने का ज्ञान रखते थे। सिंह ने उनसे 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को साकार करने में योगदान देने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, हम अब ऐसे दौर में प्रवेश कर चुके हैं, जहां युवाओं से अपेक्षाएं बढ़ गई हैं। वे राष्ट्र की अमूल्य संपत्ति हैं और देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का दायित्व उन्हीं पर है।"

### जम्मू-श्रीनगर हाईवे दूसरे दिन भी ठप



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में शनिवार को बारिश और बर्फबारी का सिलसिला थम गया, लेकिन दूसरे दिन भी जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद रहा। 270 किलोमीटर लंबे इस हाईवे पर जगह-जगह वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। रामबन जिला में ही 900 से अधिक और उधमपुर जिला में ढाई हजार से अधिक वाहन फंसे हुए हैं। इनमें स्थानीय लोगों के अलावा पर्यटकों के भी वाहन हैं। आवश्यक वस्तुओं से लदे ट्रकों सहित दो हजार से अधिक अन्य वाहन भी आगे बढ़ने के लिए हरी झंडी का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, पुंछ को कश्मीर से जोड़ने वाला मुगल रोड़ भी बंद है। इससे कश्मीर का सड़क संपर्क देश के अन्य हिस्सों से कटा हुआ है। ऐसे मौसम में भी रेल सेवा वरदान बनी हुई है, जिससे श्रीनगर के लिए आवाजाही जारी रही। श्रीनगर हवाई अड्डे से उड़ानें भी सुचारु हो गई हैं।

## माआवोदी हिंसा और बंदूक के साए से बाहर निकला छत्तीसगढ़ का पोटाली

रायपुर।

कभी माआवोदी हिंसा और भय की पहचान रहा छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले का पोटाली आज विकास, भरोसे और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की मिसाल बन चुका है।

यहां कभी बंदूक की आवाज गूंजती थी, लेकिन अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य की गारंटी बनकर खड़ा है। पोटाली का यह परिवर्तन माओवादी हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में विकास की जीत की कहानी है। करीब डेढ़ दशक तक माओवादी हिंसा और असुरक्षा के कारण बंद पड़ा उप-स्वास्थ्य केंद्र (एसएचसी) स्थानीय



लोगों के लिए एक अधूरा सपना था। साधारण दवा के लिए कई किलोमीटर पैदल चलकर जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा जाना मजबूरी थी, जो अब समाप्त हो चुकी है। एसएचसी पोटाली के भवन का निर्माण कार्य वर्ष 2004 में शुरू हुआ था। माओवादियों के तीव्र विरोध और भय के कारण निर्माण पूरा नहीं हो पाया। ग्रामीणों के अनुरोध पर 2022 में काम दोबारा शुरू हुआ। 26 अप्रैल 2023 को अरनपुर क्षेत्र के पास माओवादी घटना के बाद निर्माण कार्य फिर ठप हो गया। इस घटना में वाहन चालक समेत 10 डीआरजी जवान बलिदान हुए थे। एसएचसी को मिला एनक्यूएएस का प्रमाण पत्र एक जनवरी 2025 को आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन हुआ और साल भर बाद ही नौ जनवरी को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाणन प्राप्त होना इस बात का प्रमाण है कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं अब दूरस्थ और संघर्षग्रस्त क्षेत्रों तक पहुंच रही हैं।

### अमेरिका में भयानक बर्फीले तूफान से बिजली गुल

**नई दिल्ली।** अमेरिका को शनिवार, 24 जनवरी को बर्फीले तूफान ने दस्तक दे दी है, जिसके चलते यूनाइटेड स्टेट्स में यातायात व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ गई है। इस बर्फीले तूफान ने अमेरिका की बिजली भी गुल कर दी है। इस तूफान का असर यूएस की 40 फीसदी आबादी पर पड़ा है। अमेरिकी मौसम विभाग ने शनिवार से सोमवार तक दक्षिणी रॉकी पर्वत से न्यू इंग्लैंड तक व्यापक भारी बर्फबारी, ओले और जमा देने वाली बारिश का पूर्वानुमान लगाया है। इस तूफना के चलते लोगों को कई दिनों तक कड़ाके की ठंड के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी गई है।

## निपाह अलर्ट : कोलकाता के अलीपुर जू में चमगादड़ों के सैंपल की जांच शुरू,


कोलकाता।

बंगाल में निपाह वायरस के मामलों की पुष्टि के बाद स्वास्थ्य एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (एनआइएमआर) की टीम ने कोलकाता के अलीपुर प्राणि उद्यान (जू) में चमगादड़ों के रक्त और स्वैब नमूने एकत्र कर आरटी-




पीसीआर जांच शुरू की है। सूत्रों के अनुसार, एनआइएमआर की विशेषज्ञ टीम ने गुरुवार और शुक्रवार तड़के चिड़ियाघर परिसर में मौजूद चमगादड़ों से नमूने लिए। यह कार्य सुबह-सवेरे पूरा किया गया, ताकि आम लोगों की आवाजाही से पहले जांच की प्रक्रिया संपन्न हो सके। कोलकाता में अलीपुर चिड़ियाघर में चमगादड़ों की पर्याप्त संख्या पाई जाती है। स्वास्थ्य विभाग के अनुरोध पर वन विभाग से विशेष अनुमति लेकर यह सैंपलिंग की गई।

## पहाड़ों पर भारी हिमपात से जनजीवन ठप



नई दिल्ली।

उत्तर भारत के बड़े हिस्से अभी भी शीतलहर की चपेट में हैं। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में पिछले दिनों हुई भारी बर्फबारी और बारिश के बाद मैदानी इलाकों में तापमान में तेज गिरावट आई है। दिल्ली-एनसीआर सहित पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई हिस्सों में घना कोहरा और ठंडी हवाओं ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में भारी बर्फबारी के कारण जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़कों पर दो से तीन फुट तक बर्फ जमने यातायात प्रभावित हो रही है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और जम्मू के डोडा में पिछले 24 घंटे से रुक-रुककर बर्फबारी हो रही है। शुक्रवार को हुई बारिश के बाद शनिवार सुबह से घना कोहरा छाया रहा। न्यूनतम तापमान 8-9 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया, जो सामान्य से थोड़ा ऊपर है लेकिन तेज ठंडी हवाओं के कारण कंपकंपी बढ़ गई है। आईएमडी के अनुसार, अगले 2-3 दिनों तक शीतलहर और घने कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है, जिससे न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री की और गिरावट संभव है। बसंत पंचमी के आसपास ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी के साथ कुछ स्थानों पर भारी हिमपात हुआ। इससे मौसम में अचानक बदलाव आया और मैदानों में ठंड बढ़ गई।

## फिर करवट लेगा मौसम ! पहाड़ों पर एक्टिव हुआ ये पैटर्न

नई दिल्ली।

दिल्ली समेत देश के कई राज्यों में बूंदाबांदी के बाद आसमान एक बार फिर साफ हो गया है। हालांकि, ठंड का कहर अभी खत्म नहीं हुआ है। पहाड़ी राज्यों में पश्चिमी विक्षोभ फिर से सक्रिय होने वाला है, जिससे जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बर्फबारी होने की संभावना है। वहीं, पहाड़ों से आने वाली सर्द हवाएं और बादलों से मैदानी इलाकों में ठिठुरन और गलन देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, एक तीव्र पश्चिमी विक्षोभ के कारण 26-28 जनवरी के दौरान पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में हल्की वर्षा और 27 जनवरी को कुछ स्थानों पर भारी वर्षा/बर्फबारी की संभावना है। पहाड़ी राज्यों में पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होने के कारण दिल्ली समेत कई राज्यों में शीतलहर का कहर देखने को मिल रहा है। सर्द हवाओं से राजधानी में ठिठुरन और गलन बढ़ने लगी है। आसमान में बादलों की आवाजाही जारी है। 27 जनवरी से पहले दिल्ली एनसीआर के कुछ हिस्सों पर बारिश हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ का असर उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में देखने को मिल सकता है। खासकर पश्चिमी यूपी के कुछ जिलों में हल्की बारिश होने का अनुमान है।

### पहाड़ों पर बर्फबारी का अलर्ट

जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बर्फबी के कारण तापमान तेजी से लुढ़क रहा है। पंजाब समेत आसपास के इलाकों में घना कोहरा छाया हुआ है। भारी बर्फबारी के बाद कई हाईवे बंद हो गए हैं। श्रीनगर में पापा शून्य से 1.4 डिग्री कम दर्ज किया गया है।



## संपादक की कलम से

# ताकि भूमि की फिजूलखर्ची

स सार्वजनिक जमीन की उपयोगिता तलाशने-तराशने का काम अगर अब राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में समिति शुरू कर रही है, तो यह विकास का नया व्याकरण है। विभागीय पांवों के नीचे कितनी जमीन बेकार और कितने खंडहर ढो रही है, इसकी पड़ताल पहली बार कोई सरकार कर रही है। अपनी जमीन पर कितना टिका व टिकाऊ है हिमाचल, यह अगर तय हो जाए तो किफायती इस्तेमाल के नतीजे बेहतर होंगे। जमीन का पुनर्गठन पूलिंग और वन भूमि के बेहतर पैमाने तय करके होगा। सर्वप्रथम सरकारी भूमि का लैंड बैंक बनाना जरूरी है। अब अगली सदी की चुनौतियों को देखते हुए सार्वजनिक भूमि की जरूरतें बदल रही हैं और यह एक अध्ययन का सवाल है कि 70 लाख हिमाचलियों के विकास, आवास, कनेक्टिविटी, व्यापार, रोजगार व स्वावलंबन के बदलते अर्थों को कितनी जमीन, कितना आसमान, कितना पानी और कितना परिवेश चाहिए। कम से कम 68 प्रतिशत भूमि को जंगल घोषित करके शेष बची 32 प्रतिशत जमीन के सहारे हम वांछित, गतिशील व निरंतर परिणाम नहीं ला सकते। खैर सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार कम से कम यह तो सोच रही है कि विभागीय तौर पर जमीन का इस्तेमाल कितना सही, कितना गलत और कितना व्यर्थ या अन्यूज्ड रहा है। भविष्य के बड़े संस्थानों, नए अधिमानों और तरक्की के पैमानों को अधिक जमीन चाहिए। कमोबेश हर शहर को भविष्य की रूपरेखा में विकसित करने के लिए अतिरिक्त भूमि चाहिए। इस दृष्टि से हर शहर को लैंड बैंक स्थापित करना चाहिए, बल्कि गांव के स्तर पर भूमि बैंक होना चाहिए। सडकों पर चौक-चौराहे सही करने के लिए जमीन चाहिए, हर गांव में बस स्टॉप और पार्किंग के लिए जमीन चाहिए। हम कहते आए हैं कि हर गांव में कम से कम एक मैदान विकसित करें, जबकि शहर की चारों दिशाओं में एक-एक सामुदायिक मैदान स्थापित करना होगा। इसी तर्ज पर सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए इस्तेमाल हुई भूमि को अब बेहतर इस्तेमाल की दृष्टि से देखना होगा। वर्तमान सरकार ने अगर खाली पड़े सरकारी भवनों में किराये के भवनों में चल रहे दफ्तरों को शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू की है, तो इसे सही परिप्रेक्ष्य में लेना होगा। इसी तरह एक पहल धूमल सरकार ने भी की थी जब अनेक दफ्तरों के लिए एक ही कंबाइड बिल्डिंग बननी शुरू हुई थीं। सरकार की ही कई इमारतों का गलत या गलत जगह निर्माण हटाना होगा। जिस तरह राजधानी शिमला से कई कार्यालय जिला स्तर पर शिफ्ट करने से उपयोगिता बढ़ेगी, उसी तरह जिला मुख्यालयों से भी अनावश्यक दफ्तर हटाने होंगे। प्रदेश में अनावश्यक व बिखरे रूप से डाक बंगलों का निर्माण भी जमीन की फिजूलखर्ची है। अगर जिला व प्रमुख शहरों के महत्त्व को देखते हुए एक ही भवन में सभी को रेस्ट हाउस की सहूलियत मिलें, तो किफायत होगी। मसलन शिमला के अलावा जिला मुख्यालयों पर अगर संयुक्त रेस्ट हाउस बना दिए जाएं, तो इनका बेहतर संचालन टूरिज्म कारपोरेशन के जरिए हो सकता है। धर्मशाला में विधानसभा परिसर के साथ सौ कमरों के एक ही परिसर में अगर रेस्ट हाउस-सर्किट हाउस की सुविधाएं मिलें, तो कम से कम दो दर्जन इमारतें खाली हो जाएंगी। इतना ही नहीं, निजी क्षेत्र को पार्टनर बनाया जाए, तो बिना खर्च ऐसी इमारतें उपलब्ध हो सकती हैं। एक स्टार्ट अप योजना के तहत पढ़े लिखे बेरोजगारों को जगह उपलब्ध करवाकर सरकारी-कर्मचारी-अधिकारियों की आवासीय व्यवस्था सौंप दी जाए, तो सरकार का खर्चा बचेगा और कई युवा अपने लिए इसे रोजगार का साधन बना लेंगे।



ललित शर्मा
संपादक

## कविता

### बसंती बयार

उदय किशोर साह



रे बसंती हवा तुँ अल्हड़ हो दिवानी
पर्वत को छुकर मुड़ जाती हो मनमानी
अदृश्य रूप बना वन उपवन की हो रानी
सागर की लहरों पे खेलती हो महरानी

अरहर की डाली संग झूमती बन मवाली
पीपल की पत्तों को प्यार से हो सहलाती
सरसों की पीली फूल संग करे अठखेलियां
तेरे आगमन पर खिल उठती है सब बेलियां

फिजां में मस्ती की उड़ा रही हो मस्त वयार
तुम्हें पाकर कितना खुश है वो हरसिंगार
वन उपवन की हो संजीवनी की एक संसार
ऋतुराज के संग संग आती हो धरा पे हर वार

कितना मनभावन पावन है बसंत ऋतु परिवार
हल्की हल्की सिरहन दे जतलाती हो आभार
नव पल्लव से सज गई तरूवर का दरबार
मेरे भी घर आना बन कर दुल्हन मेरे दिलदार

रंग बिरंगें फूल दशो दिशा में तुमने है खिलवाई
वातावरण में मदमस्ती की नशा तुमने मिलवाई
तेरे चाहत में पाँव पावड़े बिछाई है सारा संसार
अगले साल भी तुम आना ओ बसंती बन बयार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# गणतंत्र के 77 वर्ष: उपलब्धियाँ, चुनौतियाँ और भविष्य का संकल्प

भारत का गणतंत्र आज 77 वर्ष का हो चुका है। 26 जनवरी 1950 को लागू हुए संविधान ने एक नई भारत की नींव रखी, जो स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों से प्रेरित थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से हमने अनेक क्षेत्रों में प्रगति की-साहित्य, खेल, कृषि, विज्ञान-प्रौद्योगिकी से लेकर आर्थिक-सैन्य क्षमता तक। विविध संस्कृति को मजबूत करते हुए राष्ट्र ने वैश्विक पटल पर अपनी पहचान बनाई। चंद्रयान मिशनों से अंतरिक्ष विज्ञान में अग्रणी बने, यूपीआई जैसी डिजिटल क्रांति ने भुगतान व्यवस्था बदल दी, जबकि ओलंपिक-एशियाड में पदकों की बौछार ने खेलक्षेत्र में नई ऊंचाइयां छुईं। आज विश्व भारत को चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देखता है, जहां सात से आठ प्रतिशत की विकास दर ने गरीबी उन्मूलन में योगदान दिया। लेकिन यह यात्रा सहज नहीं रही। आंतरिक चुनौतियां, सीमापार खतरे और सामाजिक विषमताएं बनी रहीं। गणतंत्र दिवस पर आत्मचिंतन आवश्यक है: हमने क्या पाया, क्या खोया और भविष्य के लिए क्या संकल्प लें?

भारत की पहली और सबसे बड़ी चुनौती थी-विविधता में एकता। महाद्वीप के आकार का यह देश सौ तीस करोड़ से अधिक लोगों, सैकड़ों भाषाओं-बोलियों, विविध धर्मों-संस्कृतियों का मेल था। स्वतंत्रता के समय आशंका थी कि यह एकजुट नहीं रहेगा। विभाजन की त्रासदी ने आशंकाओं को बल दिया, लाखों जानें गईं, लेकिन संविधान ने संघीय ढांचे से एकता सुनिश्चित की। अनुच्छेद एक ने 'भारत एक अखंड राज्य' घोषित किया। भाषाई राज्यों का पुनर्गठन, एकीकृत न्यायपालिका और संवैधानिक संस्थाओं ने क्षेत्रीय आकांक्षाओं को मुख्यधारा से जोड़ा। नक्सलवाद, अलगाववाद जैसी चुनौतियों के बावजूद हमने एकता बनाए रखी। पिछले 25 वर्षों में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना, पूर्वोत्तर में शांति प्रक्रियाएं इसका प्रमाण हैं। आज 'एक देश, एक राशन' जैसी योजनाएं विविधता को शक्ति बना रही हैं। यह उपलब्धि कम नहीं-विश्व के अधिकांश बहुलवादी देश टूट चुके, लेकिन भारत अटल खड़ा है। दूसरी चुनौती थी-लोकतंत्र को जीवंत बनाना। संविधान ने वयस्क मताधिकार, मौलिक अधिकार, धर्मनिरपेक्षता प्रदान की। संसदीय प्रणाली अपनाई, जो ब्रिटिश मॉडल से प्रेरित किंतु भारतीय आवश्यकताओं के अनुरूप। नेहरू युग से चली आ रही परंपरा में अठारह लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण हुए। न्यायपालिका ने जनहित याचिका के माध्यम से गरीबों के अधिकार स्थापित किए-विशाखा दिशानिर्देशों से महिला सुरक्षा, शिक्षा का अधिकार से शिक्षा का अधिकार। महिला आरक्षण ने पंचायती राज में तैंतीस से पचास प्रतिशत क्रांति लाई, जो राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार की प्रतीक्षा कर रहा। सूचना का अधिकार ने पारदर्शिता बढ़ाई, जबकि वस्तु एवं सेवा कर ने आर्थिक एकीकरण किया। चुनौतियां रहीं-आपातकाल जैसे काले अध्याय, लेकिन संस्थाओं ने पुनरुद्धार किया। आज त्रस्तंभ मजबूत हैं: चुनाव आयोग निष्पक्ष, भारतीय रिजर्व बैंक आर्थिक स्थिरता का प्रहरी। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र ने साबित किया कि गरीबी और निरक्षरता के बावजूद प्रजातंत्र फल-फूल सकता है। तीसरी चुनौती थी विकास। 1947 में सकल घरेलू उत्पाद दो लाख तीस हजार करोड़ था, आज चार सौ लाख करोड़ से अधिक। हरित क्रांति ने अन्न भंडार भरे, सफेद क्रांति ने दूध उत्पादन में विश्व रिकॉर्ड बनाया। इसरो के सौ से अधिक उपग्रह मिशन, कोविशील्ड वैक्सीन ने आत्मनिर्भरता दिखाई। डिजिटल भारत ने सौ करोड़ से अधिक आधार कार्ड जोड़े, जबकि स्टार्टअप भारत ने एक लाख से अधिक स्टार्टअप जन्मे। सामाजिक मोर्चे पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम ने अस्सी करोड़ को सस्ता अनाज दिया, स्वच्छ भारत ने बारह करोड़ शौचालय बनाए। आयुष्मान भारत ने पचास करोड़ गरीबों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया। लेकिन असमानता बनी-ऊपर दस प्रतिशत के पास सत्तावन प्रतिशत संपत्ति, जबकि निचले पचास प्रतिशत के पास तीन प्रतिशत। ग्रामीण-शहरी खाई, किसान आत्महत्याएं चिंताजनक। फिर भी, गरीबी रेखा से बाहर पच्चीस करोड़ लोग निकले-यह गर्व का विषय। गणतंत्र की उपलब्धियां गर्व का कारण हैं, किंतु खोया भी बहुत। भ्रष्टाचार ने जड़ें जमा लीं-दो जी, कोयला आवंटन जैसी घोटालों ने अरबों लूटे। चुनावी बॉन्ड पर सवाल, नोटबंदी के बाद काला धन वापसी असफल। महिला असुरक्षा चरम पर-निर्भया से हाथरस तक बलात्कार की घटनाएं थम नहीं रही। जातिगत हिंसा, दलित अत्याचार जारी। किसान संकट गहराः न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग, कर्जमाफी नाकाफी। युवा बेरोजगारी तीनों प्रतिशत पर, असंतोष से हिंसा भड़क रही। प्रदूषण घातक, प्रांतीयता का जहर बरकरार। अभिव्यक्ति स्वतंत्रता पर दुरुपयोग। नक्सलवाद, आतंकवाद बने सिरदर्द। ये घाव भारत माता को रक्तरंजित कर रहे।



डॉ. सत्यवान सौरभ

खोया भले हो, लेकिन हल संभव। भ्रष्टाचार पर प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण ने रिसाव रोका। महिला सुरक्षा हेतु फास्ट-ट्रैक कोर्ट, निर्भया कोष उपयोग बढ़ाएं। किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान उत्पादक संगठन मजबूत करें। रोजगार हेतु कौशल भारत, आत्मनिर्भर तीन से दस करोड़ नौकरियां सृजित संभव। सामाजिक सद्भाव हेतु संविधान जागरण अभियान चलाएं। प्रदूषण पर विद्युत वाहन नीति, नमामि गंगे को गति। पंचायती राज को सशक्त बनाएं-महिला प्रतिनिधित्व से स्थानीय शासन मजबूत। युवाओं को मुख्यधारा जोड़ें। कृत्रिम बुद्धिमत्ता-बिग डेटा से नफरत फैलाव रोका जा सकता। 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार करने हेतु एकजुट हों। गणतंत्र दिवस मात्र परेड-झंडारोहण नहीं, आत्मचिंतन का अवसर। हमने एकता, लोकतंत्र, विकास पाया; भ्रष्टाचार, असमानता खोया। लेकिन युवा शक्ति हमारा हथियार। आशावादी रहें-भारतीय मॉडल अपनाएं। राष्ट्रपिता गांधी, संविधान निमार्ता अम्बेडकर के सिद्धांतों पर चलें। गणतंत्र को कंटीली झाड़ियों से निकालें, उज्ज्वल भविष्य बनाएं। जय हिंद, जय भारत!

# गणतंत्र दिवस पर हिंदुस्तान शिवसेना निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा रैली: जीतू सिंधी

वेलकम इंडिया

**जारीकर्ता जितेन्द्र सिंधी जीतू भईया प्रदेश प्रभारी हिन्दुस्तान शिवसेना मो न-9928112700,**

(सवाई माधोपुर) -- दिनांक 26 जनवरी सोमवार को हिंदुस्तान शिवसेना द्वारा विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा, राजस्थान प्रभारी जितेंद्र सिंधी जीतू भईया ने इसकी घोषणा करते हुए बताया कि हिंदुस्तान शिवसेना जिला ईकाई सवाई माधोपुर द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा रैली बजरिया से प्रातः 8 बजे टोंक बस स्टैंड से शिवसैनिकों एवं नगर वासियों के साथ तिरंगे हाथों में धारण किए प्रारंभ होकर मैन बाजार होते हुए ट्रक यूनियन से अंबेडकर सर्किल होते हुए शर्मा होटल चौराहा से रेलवे स्टेशन की ओर से पुलिया, रणथंभोर सर्किल से अनाज मंडी रोड़, से शहर के मुख्य बाजार से गुजरते हुए निकल कर कलेक्ट्रेट, पुलिस लाइन चौराहे से मुख्य बाजार होते हुए पुनः टोंक बस स्टैंड पहुंचेगी, आयोजक जीतू सिंधी ने बताया कि तिरंगा रैली के दौरान सभी देशभक्त, देशभक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए देश की आन बान शान के जयकारे लगाते हुए इस रैली में शामिल होंगे जिसमें सवाई माधोपुर के सभी धार्मिक, सामाजिक और राजनैतिक संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य सादर आमंत्रित है, उक्त रैली में हिन्दुस्तान शिवसेना सहित बजरंग सेना कमेटी, सवाई माधोपुर एम्बुलेंस ऑपरेटर्स यूनियन,ई रिक्शा यूनियन, फळव प्रेम मंदिर टैक्सी यूनियन आदि के सभी सदस्य व पदाधिकारी मुख्य सहयोगी के रूप में शामिल हो कर व्यवस्थाओं में सहयोगी रहेंगे, रैली की भव्यता के लिए तैयारियों के दौरान आयोजन समिति के प्रधान एवं हिन्दुस्तान शिवसेना के राजस्थान प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंधी, मुकेश योगी, खेमचंद गोयल,वीरेंद्र मीणा, सलमान,जीतू गुजर, गोविंदा, लक्ष्मण साहू, कौशल सिंह, भानु आदि ने तईयारियां शुरू कर दी है।




# समस्याओं से जूझता भारतीय गणतंत्र: 2026 की कठोर सच्चाई

दो हजार छब्बीस का गणतंत्र दिवस नजदीक आते ही देशभक्ति का उन्माद छा जाता है। राजपथ पर भव्य परेड, ड्रोन शो, सैन्य मिस्बाह प्रदर्शन-सब कुछ चकाचौंध। राष्ट्रपति का भाषण, प्रधानमंत्री का संदेश, स्कूलों में निबंध प्रतियोगिताएँ। लेकिन उत्सव के परदे के पीछे भारत का गणतंत्र बदहाली से जूझ रहा है। सत्तावन वर्षों बाद भी भ्रष्टाचार, हिंसा, बलात्कार, सांप्रदायिक नफरत जैसी बुराइयाँ समाज को खा रही हैं। विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका भारत आर्थिक चमक-दमक के साथ-साथ गरीबी, असमानता के अंधेरे में डूबा है। लोकतंत्र की आड़ में तानाशाही प्रवृत्तियाँ पनप रही हैं। युवा बेरोजगारी से त्रस्त, किसान आत्महत्या के आँकड़ों में शामिल हो रहे। महिला असुरक्षा चरम पर, न्याय व्यवस्था चरमरा गई। गणतंत्र दिवस अब चिंतन का अवसर बनना चाहिए-हम कहाँ गलत हो गए? क्या हमारा संविधान अब भी प्रासंगिक है, या समय के साथ अप्रासंगिक हो चला?

भारत का गणतंत्र उन्नीस सौ पचास में जन्मा था। डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर द्वारा निर्मित संविधान ने उच्च आदर्श स्थापित किए-समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व। लेकिन सत्तावन वर्ष बाद वास्तविकता कड़वी है। अर्थव्यवस्था विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी बताई जाती है, परंतु शीर्ष एक प्रतिशत अमीरों के पास पचासी प्रतिशत संपत्ति केंद्रित। सत्तर से अधिक अरबपति मिलकर राष्ट्रीय बजट से अधिक धन रखते हैं। बहुआयामी गरीबी इक्कीस प्रतिशत आबादी को लील रही। ग्रामीण भारत में छियालीस प्रतिशत परिवार मूलभूत सुविधाओं से वंचित। शहरी झुग्गी-झोपड़ियाँ बढ़ रही, जबकि मेट्रो शहरों में लग्जरी टावर उभर रहे। यह असमानता सामाजिक विस्फोट का कारण बनी। महिला अनुपात नौ सौ बीस प्रति हजार, कुपोषण में पैंतीस प्रतिशत बच्चे स्टंटेड। एनएफएचएस-छह के आँकड़े चेतावनी हैं-पोषण रहित नस्लें भारत का भविष्य नहीं संवारी जा सकतीं। भ्रष्टाचार इस गणतंत्र का कैंसर बन चुका। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के दो हजार पच्चीस सूचकांक में भारत पचासीवें स्थान पर लुढ़क गया। राजनीति से नौकरशाही, व्यापार से न्यायपालिका तक भ्रष्टाचार व्याप्त। दो हजार छब्बीस के चुनावों में चुनावी बॉन्ड घोटाले ने नया विवाद खड़ा किया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के डीपफेक ने प्रचार को और जटिल बना दिया। कॉर्पोरेट धन ने पार्टियों को खरीद लिया। सड़क निर्माण से लेकर हवाई अड्डे तक हर ठेका कमीशन का शिकार। डीबीटी ने पाँच लाख करोड़ की बचत तो की, लेकिन आधार डेटा लीक, पैन कार्ड धोखाधड़ी ने नई समस्याएँ खड़ी कीं। निचले स्तर पर चपरासी से लेकर थाना प्रभारी तक रिश्वतखोरी आम। यह भ्रष्टाचार लोकतंत्र की जड़ें खोखला कर रहा। राजनीति का अपराधीकरण गंभीर संकट। अठारहवीं लोकसभा में दो सौ पचास से अधिक सांसद आपराधिक मामलों से जूझ रहे। हत्या, अपहरण, बलात्कार के आरोपी विधायक बन रहे। धनबल-बाहुबल ने चुनाव प्रक्रिया विकृत कर दी। एक लाख करोड़ के अनुमानित चुनावी खर्च में चालीस प्रतिशत फंड का स्रोत अस्पष्ट। नकदी बंटवारे, शराब की नदियाँ, वोटर स्लिप के नाम पर खरीद-फरोख्त। जातिवाद ने राजनीति को जकड़ लिया। उत्तर प्रदेश में यादव-जाट, बिहार में कुर्मी-राजपूत, हर राज्य में जाति की राजनीति। सम्प्रदायवाद ने सांप्रदायिक दंगों को हवा दी। दो हजार पच्चीस में उत्तराखंड, मणिपुर में दंगे भड़के। सोशल मीडिया पर ध्रुवीकरण चरम पर-व्हाट्सएप फॉरवर्ड से लेकर ट्विटर ट्रेंड तक नफरत का जहर। महिला असुरक्षा गणतंत्र के लिए कलंक। निर्भया कांड से हाथरस, उन्नाव तक बलात्कार की घटनाएँ थम नहीं रही। प्रतिदिन छियासी मामले दर्ज, वास्तविक आँकड़े दोगुने। दलित महिलाओं पर अत्याचार दोगुने हो गए। शहरों में स्टॉकिंग, ग्रामीण क्षेत्रों में खाप पंचायतों का डर। निर्भया फंड के दस हजार करोड़ व्यय नगण्य।



प्रियंका सौरभ

फास्ट-ट्रैक कोर्ट अपर्याप्त, साइबर सेल निष्क्रिय। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न बढ़ा, बॉलीवुड से लेकर कॉर्पोरेट तक मी-टू आंदोलन थम गए। लिंग भेदभाव शिक्षा-रोजगार में बरकरार। लड़कियों की स्कूल ड्रॉपआउट दर ऊँची। यह असुरक्षा समाज की आधी आबादी को बाँधे रख रही। न्याय व्यवस्था चरमरा गई। चार लाख पचास हजार मामले लंबित, जज-जनसंख्या अनुपात उन्नीस प्रति दस लाख। उच्च न्यायालयों में औसतन दस वर्ष लगते हैं। अन्याय बराबर न्याय में देरी। वकीलों की हड़तालें, जजों की कमी, जटिल कानून। ई-कोर्ट प्रोजेक्ट अधर में। पुलिस सुधार नाममात्र के-औपनिवेशिक मानसिकता कायम। थानों में रिश्वत, हिरासत में टॉर्चर आम। एस आई टी गठन के बाद भी रकळ रिपोर्ट दब जाती हैं। खाप पंचायतों ने कानून हाथ में ले लिया। पितृसत्ता परिवारों में लोकतंत्र को कुचल रही। क्षेत्रवाद तीव्र-बंगाल में टीएमसी, केरल में एलडीएफ केंद्र के विरुद्ध। दक्षिणी राज्य भाषा-आरक्षण के नाम पर विद्रोह पर उतारू। पूर्वोत्तर में अलगाववाद सुलगा हुआ। युवा बेरोजगारी तेईस प्रतिशत पर। आईआईटी-आईआईएम से सिविल सेवा न निकलने वाले स्टार्टअप की ओर। लेकिन अधिकांश बेरोजगार ग्रामीण युवा कौशलहीन। किसान संकट गहरा-न्यूनतम समर्थन मूल्य की माँग अधर में। पंजाब-महाराष्ट्र में कर्ज से आत्महत्या का सिलसिला। बाढ़-सूखे ने फसलें बर्बाद की। एमएसपी कानून बनने के बाद भी किसान सड़कों पर। प्रदूषण घातक-दिल्ली का एक्यूआई पाँच सौ पार। यमुना-गंगा काली। जलवायु संकट बाढ़-सूखा चक्रवृद्धि। नक्सलवाद छत्तीसगढ़-झारखंड में सक्रिय। आतंकवाद जम्मू-कश्मीर से केरल तक फैला। अभिव्यक्ति स्वतंत्रता पर यूपीएपीए, सूचना प्रौद्योगिकी नियमों का दुरुपयोग। पत्रकार जेलों में, सोशल मीडिया सेंसरशिप। क्या कोई समाधान संभव? भ्रष्टाचार पर डीबीटी ने लाभ पहुँचाया, लेकिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता निगरानी, ब्लॉकचेन मतदान आवश्यक। निर्भया फंड का पूरा व्यय, एक हजार फास्ट-ट्रैक कोर्ट। साइबर क्राइम सेल हर जिले में। पीएम-विश्वकर्मा, आत्मनिर्भर चार दशा से पंद्रह करोड़ नौकरियाँ। कौशल भारत को विस्तार। 'संविधान यात्रा' से सांप्रदायिक सद्भाव-स्कूलों में एकता पाठ्यक्रम अनिवार्य। चुनाव सुधार विधेयक-आपराधिक उम्मीदवार आजीवन प्रतिबंधित, राज्य फंडिंग पारदर्शी। राजनीतिक दलों का ऑडिट। ई-कोर्ट तीन दशा, पचास हजार नए जज। अधिकतम न्याय समय सीमा।

पुलिस सुधार-सीसीटीवी थानों में अनिवार्य। क्षेत्रीय असंतुलन पर नीति आयोग दो दशा, दक्षिणी राज्यों को विशेष पैकेज। राष्ट्र निर्माण इंटर्नशिप-प्रत्येक युवा को एक वर्ष सेवा। पंचायती राज सशक्तिकरण-सत्तर तिहाई संशोधन को राष्ट्रीय महिला आरक्षण। विद्युत वाहन तीस प्रतिशत लक्ष्य, नमामि गंगे दो दशा को गति। नक्सल क्षेत्रों में विकास पैकेज।

फास्ट-ट्रैक कोर्ट अपर्याप्त, साइबर सेल निष्क्रिय। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न बढ़ा, बॉलीवुड से लेकर कॉर्पोरेट तक मी-टू आंदोलन थम गए। लिंग भेदभाव शिक्षा-रोजगार में बरकरार। लड़कियों की स्कूल ड्रॉपआउट दर ऊँची। यह असुरक्षा समाज की आधी आबादी को बाँधे रख रही। न्याय व्यवस्था चरमरा गई। चार लाख पचास हजार मामले लंबित, जज-जनसंख्या अनुपात उन्नीस प्रति दस लाख। उच्च न्यायालयों में औसतन दस वर्ष लगते हैं। अन्याय बराबर न्याय में देरी। वकीलों की हड़तालें, जजों की कमी, जटिल कानून। ई-कोर्ट प्रोजेक्ट अधर में। पुलिस सुधार नाममात्र के-औपनिवेशिक मानसिकता कायम। थानों में रिश्वत, हिरासत में टॉर्चर आम। एस आई टी गठन के बाद भी रकळ रिपोर्ट दब जाती हैं। खाप पंचायतों ने कानून हाथ में ले लिया। पितृसत्ता परिवारों में लोकतंत्र को कुचल रही। क्षेत्रवाद तीव्र-बंगाल में टीएमसी, केरल में एलडीएफ केंद्र के विरुद्ध। दक्षिणी राज्य भाषा-आरक्षण के नाम पर विद्रोह पर उतारू। पूर्वोत्तर में अलगाववाद सुलगा हुआ। युवा बेरोजगारी तेईस प्रतिशत पर। आईआईटी-आईआईएम से सिविल सेवा न निकलने वाले स्टार्टअप की ओर। लेकिन अधिकांश बेरोजगार ग्रामीण युवा कौशलहीन। किसान संकट गहरा-न्यूनतम समर्थन मूल्य की माँग अधर में। पंजाब-महाराष्ट्र में कर्ज से आत्महत्या का सिलसिला। बाढ़-सूखे ने फसलें बर्बाद की। एमएसपी कानून बनने के बाद भी किसान सड़कों पर। प्रदूषण घातक-दिल्ली का एक्यूआई पाँच सौ पार। यमुना-गंगा काली। जलवायु संकट बाढ़-सूखा चक्रवृद्धि। नक्सलवाद छत्तीसगढ़-झारखंड में सक्रिय। आतंकवाद जम्मू-कश्मीर से केरल तक फैला। अभिव्यक्ति स्वतंत्रता पर यूपीएपीए, सूचना प्रौद्योगिकी नियमों का दुरुपयोग। पत्रकार जेलों में, सोशल मीडिया सेंसरशिप। क्या कोई समाधान संभव? भ्रष्टाचार पर डीबीटी ने लाभ पहुँचाया, लेकिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता निगरानी, ब्लॉकचेन मतदान आवश्यक। निर्भया फंड का पूरा व्यय, एक हजार फास्ट-ट्रैक कोर्ट। साइबर क्राइम सेल हर जिले में। पीएम-विश्वकर्मा, आत्मनिर्भर चार दशा से पंद्रह करोड़ नौकरियाँ। कौशल भारत को विस्तार। 'संविधान यात्रा' से सांप्रदायिक सद्भाव-स्कूलों में एकता पाठ्यक्रम अनिवार्य।

# चिरैली टिकारी विद्यालय के छात्रों ने विज्ञान व गणित प्रतियोगिता में लहराया परचम

वेलकम इंडिया



(बिहार) । मध्य विद्यालय चिरैली टिकारी, टिकारी प्रखंड, गया की विज्ञान एवं गणित शिक्षिका प्रतिमा सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं सतत प्रयासों से कक्षा 6 से 8 के छात्रों ने विज्ञान, गणित एवं क्विज प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के छात्रों ने सीआरसी स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए प्रखंड स्तर पर लगभग 120 विद्यालयों को पीछे छोड़कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं विकसित भारत विषय पर आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान एवं गणित प्रतियोगिता में विद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त कर प्रखंड व जिले का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि में छात्रों पुष्कर, अंजलि, ऋतुराज, शुभम एवं हर्षित का विशेष योगदान रहा। शिक्षिका प्रतिमा सिंह एवं छात्रों की कड़ी मेहनत ने यह सिद्ध कर दिया कि ॒जहाँ चाह है, वहाँ राह है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीव रंजन ने छात्रों एवं शिक्षिका को बधाई देते हुए इसे पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण बताया। इस सफलता से विद्यालय, अभिभावकों एवं टिकारी प्रखंड क्षेत्र में हर्ष एवं उत्साह का माहौल है। सभी लोग छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी प्रकार परिश्रम करते रहने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा गणतन्त्र दिवस2026 परेड रिहर्सल का किया गया निरीक्षण

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



रामपुर। पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर स्थित परेड ग्राउण्ड में आगामी गणतन्त्र दिवसझ2026 के अवसर पर आयोजित की जाने वाली परेड की रिहर्सल का निरीक्षण किया गया ।

निरीक्षण के दौरान परेड में सम्मिलित पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगणों की ड्रिल, अनुशासन, टर्नआउट एवं समन्वय का सूक्ष्मता से अवलोकन कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए । रिहर्सल के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली झांकियों का भी निरीक्षण किया गया । जिनमें कृषि विभाग, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उद्योग विभाग, तथा जनपद की विशिष्ट पहचान रामपुरी चाकू पर आधारित झांकियों के साथ-साथ स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत झांकियां सम्मिलित रहीं । इन झांकियों के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्थानीय उद्योगों को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया । इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं विकास यात्रा को दशार्ती स्थापना-दिवस से सम्बन्धित मनमोहक झांकी भी प्रस्तुत की गई ।

# इंडो-नेपाल सीमा पर एडिशनल एसपी ने परखी सुरक्षा: ककरहवा बॉर्डर पर की पेट्रोलिंग



असदुल्लाह सिद्दीकी

ककरहवा/सिद्धार्थनगर। गणतंत्र दिवस और नेपाल में होने जा रहे चुनाव के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा के ककरहवा बॉर्डर का सुरक्षा बढ़ा दी गई है। व्यवस्था परखने के लिए शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ने निरीक्षण किया। एसएसबी 43वीं वाहिनी के जवानों से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पगडंडी के रास्तों पर निगरानी तेज करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को चौकस करते हुए कहा बॉर्डर पर किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि न होने पाए, इसका ध्यान रखें। इससे पहले अपर पुलिस अधीक्षक ने मोहाना पुलिस व एसएसबी43वीं वाहिनी के साथ ककरहवा कस्बे में पैदल गश्त भी की। शनिवार को मोहाना थाना क्षेत्र के ककरहवा बॉर्डर का निरीक्षण करने पहुंचे एडिशनल एसपी ने सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था बेहतर रखने के लिए एसएसबी व पुलिस जवानों को अलर्ट रहने को कहा। सीमा पार से आने वाले हर व्यक्ति व वाहन की बारीकी से जांच करने के बाद ही सीमा पार जाने देने का आदेश दिया। उन्होंने सीमा सुरक्षा से जुड़ी हर बिंदु की जानकारी ली। सीमा सुरक्षा में तैनात एसएसबी के जवानों से भी बात की। बॉर्डर के मुख्य रास्ते सहित पगडंडी के रास्ते पर भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के लिए जिम्मेदारों को निर्देशित किया। एसएसबी व पुलिस के जवानों को नेपाल के सुरक्षा एजेंसियों से बात करते हुए एक-दूसरे से सामंजस्य बैठा कर काम करने की नसीहत दी। एडिशनल एसपी ने कस्बे में स्थित सीएससी व सीएसपी की जांच कर उसका भौतिक सत्यापन भी किया।

## गणतंत्र दिवस परेड के लिए पुलिस लाइन में फुल ड्रेस अभ्यास

सिद्धार्थनगर। 77वें गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर शनिवार को रिजर्व पुलिस मे पुलिस के जवानों ने परेड का फुल ड्रेस अभ्यास किया। इसमें झंडा रोहण के समय होने वाले परेड की तरह से जवानों ने कदमताल कर आगे बढ़े और पुलिस अधीक्षक को सलामी दी। एसपी ने कार्यक्रम की रूपरेखा के साथ ही तैयारियों की जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों के दृष्टिगत परेड में शामिल विभिन्न टोलियों का निरीक्षण व ध्वजारोहण कर परेड का पूर्वाभ्यास कराया। परेड में प्रतिभाग कर रहे प्रतिभागियों व अन्य कार्यक्रमों का सूक्ष्म निरीक्षण कर कार्यक्रम को अत्यधिक सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित बनाने के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद, क्षेत्राधिकारी सदर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# यूनिवर्सल एकेडमी में 77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में गोल्डन लायनेस समर्पण क्लब के सभी सदस्यों को किया आमन्त्रित

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




बिजनौर : यूनिवर्सल एकेडमी में समर्पण क्लब की प्रेसिडेंट ऋछ राशि अग्रवाल, चार्टर प्रेसिडेंट ऋछ शुचि गोयल, सेक्रेटरी ऋछ कनक जैन, ट्रेजर ऋछ प्रीति और सभी समर्पण क्लब मेंबर का स्वागत बहुत ही भव्य तरीके से किया। सभी ने शामिल होकर प्रतियोगिता के आयोजन की शोभा बढ़ाई। विद्यार्थियों ने समर्पण क्लब के आगमन पर मनोहर गायन गीत गाकर उनका मन मोह लिया। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए पोस्टर मेकिंग एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्तर प्रदेश दवास, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, देशभक्ति एवं सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर सुंदर में रचनात्मक पोस्टर बनाएं। वही फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने महापुरुषों स्वतंत्रता सेनानियों राष्ट्रीय प्रतीकों एवं सामाजिक पात्रों का आकर्षक रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी क्रमशः आयशा, हयात, प्रक्षित, त्रिशनिल, मोक्ष तथा पोस्टर मेकिंग कंपटीशन में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे रिया, कार्तिक, पावनी, हीति, रौनक रहे। अंत में क्लब के सदस्य एवं विद्यालय प्रशासन द्वारा उत्कर्ष प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय की उप प्रधानाचार्य खुशबू कर्णवाल ने क्लब के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। और कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को रचनात्मक आत्मविश्वास एवं प्रतिभा को निखारने में सहायक होते हैं।

# शिक्षा चौपाल आयोजित:निपुण लक्ष्य एवं शैक्षिणिक गुणवत्ता पर दिया जोर



संजीव कुमार गुप्ता

कठेला/सिद्धार्थनगर। इटवा विकास खंड अंतर्गत न्याय पंचायत कठेला शर्की में शनिवार को शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। निपुण भारत मिशन के तहत आयोजित इस चौपाल का उद्देश्य जन समुदाय की भागीदारी बढ़ाना और निपुण लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि सुखराम साहू भी उपस्थित रहे। एनपीआरसी कठेला शर्की के सभी अध्यापक, अभिभावक और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक चौपाल में सक्रिय रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन केसरी नंदन ने किया। चौपाल में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित 'ऑपरेशन कायाकल्प' की जानकारी उदाहरणों के साथ दी गई। अनुराग प्रजापति ने निपुण भारत मिशन का विस्तृत परिचय प्रस्तुत किया। राकेश जी ने डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) पर संक्षिप्त जानकारी साझा की, जबकि अतुल माथुर ने टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) के महत्व पर प्रकाश डाला।

# प्रयागराज माघ मेला से लौटे रजत शर्मा का ब्राह्मण समाज युवाओं ने रेलवे स्टेशन पर किया भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया



मुरादाबाद। देशव्यापी प्रयागराज घटना के बाद जगद्गुरु शंकराचार्य अभिमुक्तानंद महाराज को प्राप्त हो रहे अपार समर्थन के बीच मुरादाबाद ब्राह्मण समाज ने एक बार फिर अपनी एकजुटता का परिचय दिया। 20 जनवरी को समस्त ब्राह्मण समाज के सैकड़ों सदस्यों ने रजत शर्मा के नेतृत्व में शंकराचार्य अभिमुक्तानंद महाराज के समर्थन में मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपा था। इस ज्ञापन में प्रयागराज घटना की निंदा करते हुए शंकराचार्य की सुरक्षा एवं सम्मान की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने के तुरंत बाद रजत शर्मा प्रयागराज माघ मेला पहुंचे और शंकराचार्य अभिमुक्तानंद महाराज से व्यक्तिगत भेंट की। शंकराचार्य ने मुरादाबाद ब्राह्मण समाज के इस सराहनीय कदम की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा सभी कार्यकताओं को धन्यवाद देते हुए कहा, मुरादाबाद के ब्राह्मण भाइयों का यह समर्थन हमारे संकल्प को और मजबूत करता है। रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत का शानदार आयोजन प्रयागराज से ट्रेन द्वारा मुरादाबाद लौटे रजत शर्मा का ब्राह्मण समाज के युवा कार्यकताओं ने रेलवे स्टेशन पर धूमधाम से स्वागत किया। स्वागत समारोह में फूल मालाओं से सम्मानित करने के साथ-साथ भव्य नारों और ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। युवा कार्यकताओं ने शंकराचार्य अभिमुक्तानंद महाराज की जय, रजत शर्मा जिंदाबाद तथा ब्राह्मण एकता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए उत्साह का प्रदर्शन किया। स्वागत समारोह में प्रमुख रूप से स्वयं शर्मा, सूर्य शर्मा, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रजत शर्मा ने स्वागत पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा, प्रयागराज से प्राप्त शंकराचार्य का आशीर्वाद और आपका यह भव्य स्वागत मेरे लिए गौरव का विषय है। हम ब्राह्मण समाज के हितों की रक्षा के लिए सदा कटिबद्ध रहेंगे। प्रयागराज घटना के बाद देश भर से उठ रही एकजुट आवाज अन्याय के विरुद्ध हमारी ताकत है। यह स्वागत न केवल रजत शर्मा के प्रयागराज भ्रमण की सफलता का प्रतीक है, बल्कि ब्राह्मण समाज की संगठित शक्ति का भी प्रमाण है। समाज के नेता ने आगामी दिनों में और अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की। स्वागत में रचित शर्मा, विशु, शौर्य शर्मा, प्रखर, सूर्य शर्मा, भरत शर्मा, प्रांजल शर्मा, राजा शर्मा, मनोज शर्मा, रजत शर्मा, विशाल शर्मा आदि सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे।

# ललित कुंज में धूमधाम से मनाया गया श्रीस्वामी हरिदास पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी राधा प्रसाद देव जू महाराज का 68 वां अवतरण दिवस

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



वृन्दावन। परिक्रमा मार्ग स्थित ललित कुंज में श्रीस्वामी हरिदास पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी राधा प्रसाद देव जू महाराज का 68 वां अवतरण दिवस विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के कई प्रख्यात सन्तों, विद्वानों, धमार्चार्यों, राजनेताओं व समाजसेवियों द्वारा पूज्य महाराजश्री का सम्मान व अभिनंदन किया गया ।साथ ही ठाकुर बांके बिहारी महाराज से उनके स्वस्थ्य, उज्ज्वल व सुधीर्घ जीवन एवं मंगलमय भविष्य की कामना की ।तत्पश्चात समस्त शिष्य परिकर के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य उनका पूजन-अर्चन किया गया ।इसके अलावा अत्यंत नयनाभिराम व चित्ताकर्षक फूल बंगला सजाया गया तथा वीणा म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा ब्रजेश गिरि के निर्देशन में सरस भजन संध्या आयोजित हुई ।जिसमें प्रख्यात भजन गायकों द्वारा जन्म की बधाइयों का गायन किया गया ।साथ ही फूलों की भव्य होली खेली गई।

इस अवसर पर प्रख्यात साहित्यकार ₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ, महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. सत्यानंद सरस्वती (अधिकारी गुरुजी), महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद शास्त्री महाराज, महंत सुंदरदास महाराज, सन्त रामदास महाराज (अयोध्या), श्रीमहंत चंद्रदास महाराज, महंत जयराम दास महाराज, आचार्य बद्रीश महाराज, भगवताचार्य मृदुल कृष्ण शास्त्री, प्रमुख समाजसेवी रामकिशन अग्रवाल (बसेरा ग्रुप), तरुण मिश्रा, श्रीमती शालू मिश्रा, डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। चतुः संप्रदाय विरक्त वैष्णव परिषद् के महन्त मोहिनी बिहारी शरण महाराज ने सभी सन्तों-विद्वानों का स्वागत व आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन महंतों का सम्मान व सन्त, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ।

# डीएम व एसपी ने सुनी जनता सुनी समस्या, प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश

असदुल्लाह सिद्दीकी




सिद्धार्थनगर। डीएम शिवशरणप्पा जीएन व एसपी डा अभिषेक महाजन द्वारा थाना सिद्धार्थनगर पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनता की फरियाद सुनी गयी। पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए।

डीएम शिवशरणप्पा जीएन व एसपी डा अभिषेक महाजन द्वारा शनिवार को थाना सिद्धार्थनगर पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया ।पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए। जिन प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें। जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके ।इस दौरान दुर्गा प्रसाद प्रभारी, निरिक्षक सिद्धार्थनगर, जितेन्द्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक मोहाना, राजस्व अधिकारी व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में चिल्हिया, शोहरतगढ़, मोहाना, कठेला समयमाता, उसका, जोगिया, खेसरहा सहित जनपद के सभी थानों पर भी सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

# एपेक्स द्वारा आर्थ्रोप्लास्टी एवं अरथरोस्कोपी कैडावेरिक एकेडेमिक एवं हैंड्स-ऑन वर्कशॉप का आयोजन

(संतोष कुमार सिंह)




वाराणसी :- ऑथोर्पेडिक सर्जरी के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों, शोध एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एपेक्स हॉस्पिटल वाराणसी एवं वाराणसी ऑरथपेडिक एसोसिएशन के तत्वाधान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय आर्थ्रोप्लास्टी एवं अरथरोस्कोपी कैडावेरिक एकेडेमिक सेशन होटल रेडिसन एवं हैंड्स-ऑन वर्कशॉप आईएमएस बीएचयू में किया जा रहा है कैडावेरिक हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग वर्कशॉप में प्रतिभागी सर्जनों को वास्तविक शारीरिक संरचना पर उन्नत सर्जिकल तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में इटली के प्रख्यात ऑथोर्पेडिक सर्जन प्रो. एलेसांद्रो लेली सहित देश भर के कई वरिष्ठ एवं ख्यातिप्राप्त ऑथोर्पेडिक विशेषज्ञ फैकल्टी के रूप में सहभागिता करेंगे सम्मेलन के दौरान आर्थ्रोप्लास्टी एवं आर्थ्रोस्कोपी से जुड़ी आधुनिक तकनीकों, जटिल सर्जरी प्रबंधन एवं भविष्य की संभावनाओं पर गहन चर्चा की जाएगी एपेक्स के चेयरमैन डॉ.एस.के.सिंह के अनुसार यह सम्मेलन युवा एवं अनुभवी ऑथोर्पेडिक सर्जनों के लिए ज्ञानवर्धन, कौशल विकास एवं अंतरराष्ट्रीय अनुभव साझा करने का एक सशक्त मंच प्रदान करेगा जिससे मरीजों को बेहतर एवं सुरक्षित उपचार सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# डोडा हादसे में शहीद हुए हापुड़ जिले के जवान रिंकेल बालियान, एक साल के बेटे ने दी मुखाग्नि, भावुक हुए जिलाधिकारी

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद में जवान रिंकेल का चेहरा देखकर मां और पत्नी बुरी तरह से बिलख उठे ।जबकि एक साल के बेटे ने अपने जवान पिता को मुखाग्नि दी ।इस दृश्य को देखकर वहां खड़े लोगों के साथ जिलाधिकारी हापुड भी भावुक हो गए ।डोडा हादसे में शहीद हुए हापुड़ के जवान रिंकेल बालियान,एक साल के बेटे ने दी मुखाग्नि, भावुक हुए जिलाधिकारी मुखाग्नि के वक़्त जिलाधिकारी भावुक जम्मू-कश्मीर के डोडा में एक भारतीय सेना का एक बुलेटप्रूफ ट्रक भदरवाह-तंबा अंतर्राज्जीय मार्ग पर अनियंत्रित होकर करीब 200 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस दर्दनाक सड़क हादसे में 10 जवान शहीद हो गए, जबकि 11 जवान गंभीर रूप से घायल हैं। शहीद हुए जवानों में जनपद हापुड़ के हाफिजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भटैल के रिंकेल बालियान भी शामिल थे ।जैसे ही जवान रिंकेल का पार्थिव शरीर गांव







पहुंचा,तो पूरे गांव में मातम पसर गया,जबकि परिवार में बुरी तरह चीख-पुकार मच गई ।जवान रिंकेल का चेहरा देखकर मां और पत्नी बुरी तरह से बिलख उठे। जबकि एक साल के बेटे ने अपने जवान पिता को मुखाग्नि दी ।इस दृश्य को देखकर वहां खड़े लोगों के साथ जिलाधिकारी हापुड भी भावुक हो गए. पूरे सैनिक सम्मान के साथ जवान का अंतिम संस्कार किया गया ।2016 में भारतीय सेना में हुआ था चयन हापुड़ के हाफिजपुर थाना क्षेत्र के गांव भटैल में रहने वाले जवान के परिवारीजनों ने बताया कि रिंकेल बालियान का वर्ष 2016 में भारतीय सेना में चयन हुआ था और वर्तमान में रिंकेल की तैनाती जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में थी ।दर्दनाक सड़क हादसे के दौरान जवान रिंकेल गंभीर रूप से घायल हो गये थे, जिस पर उन्हें उपचार के लिए तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान वह वीरगति को प्राप्त हो गए ।परिवार के लोगों को जैसे ही जवान रिंकेल के शहीद होने की जानकारी फोन पर मिली, तो पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पार्थिक शरीर के गांव में पहुंचने पर हर कोई रिंकेल के अंतिम संस्कार में उमड़ पड़ा ।जवान रिंकेल की मां और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल था ।जबकि ग्रामीण रिंकेल के एक वर्ष के बच्चे को ढ़ांढस बंधा रहे थे ।एक साल के बेटे ने दी मुखाग्नि

सैन्य सम्मान के साथ जवान रिंकेल का अंतिम संस्कार किया गया तथा एक साल के बेटे ने अपने पिता जवान रिंकेल बालियान को मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान हापुड़ के जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय भी काफी भावुक नजर आए और वह भी कई बार अपने आंसू पौंछते हुए दिखाई दिए।





## उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम का रामलीला ग्राउंड हापुड़ मे किया गया भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद में आज उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 2026 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वाई पी सिंह राज्यमंत्री/ अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सिडको एवं विशिष्ट गणमान्य अतिथि विधायक हापुड़ विजयपाल आढती, जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम , अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष कविता माधरे की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।सर्वप्रथम कार्य के शुभारंभ से पूर्व मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया इसके उपरांत स्कूली छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत गाते हुए कार्यक्रम का आरंभ हुआ। उत्तर प्रदेश दिवस के माध्यम से सरकारी योजनाओ का प्रचार प्रसार किया गया। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण लाभार्थियों द्वारा देखा एवं सुना गया ।उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर माननीय विधायक सदर श्री







विजयपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश की स्थापना दिवस के आयोजन का आरंभ हमारी सरकार की देन है। उन्होने कहा की पहले उत्तर प्रदेश को संयुक्त प्रांत के नाम से जानते थे उत्तर प्रदेश का इतिहास 4000 वर्षों पुराना है उन्होने कहा की जनपद में जिला अस्पताल, सड़कों का चौड़ीकरण, आश्रम पद्धति एवं नवोदय विद्यालय तथा जनपद के विकास हेतु बजट आवंटित हुआ है। हमारी सरकार चौहमुखी विकास पर कार्य कर रही है। इसी क्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि ने उत्तर प्रदेश दिवस की बधाई देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस उत्तर प्रदेश की स्थापना का उत्सव है उन्होने कहा की महिलाएं लोगों पर बोझ नहीं है वर्तमान सरकार की योजनाओ से महिलाओ का सशक्तिकरण हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने उत्तर प्रदेश की स्थापना दिवस को मनाना आरंभ किया है तथा केंद्र तथा प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के पात्र लोगों को दिया जा रहा है। सरकार अपने लक्ष्य सबका साथ सबका विकास तथा सबका विश्वास को पूरा कर रही है जिसके लिय समाज के वंचित, गरीब एवं मजदूर सहित समस्त वर्गों को आच्छादित कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के नागरिक को आज उत्तर प्रदेश में रहने का गर्म होता है आज उत्तर प्रदेश एक स्तंभ के रूप में खड़ा है जो की तकनीकी की दुनिया में बहुत आगे माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के द्वारा उत्तर प्रदेश को एक नई दिशा मिली है पहले उत्तर प्रदेश का नाम लेने से लोग घबराते थे महाराज के निवासी हैं यह कहने में हमें गर्व है आज उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश ही नहीं एक्सप्रेस वाला उत्तर प्रदेश बन गया है यदि हम हापुड़ की बात करें तो पहले हापुर से दिल्ली जाने के लिए दो से तीन घंटे लगते थे जो कि हमारी सरकार ने एक्सप्रेसवे के माध्यम से हापुड़ से दिल्ली आधे घंटे में पहुंच जाते हैं प्रदेश के चारों तरफ विकास की लहर दौड़ रही है। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न योजनाओं के लगे स्टालों का निरीक्षण किया। इसी दौरान श्रम विभाग, ग्राम विकास विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उद्योग विभाग, महिला कल्याण विभाग के लाभार्थी को प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को चैक, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासों के प्रमाण पत्र, दिव्यांगों को व्हील चेयर आदि के साथ-साथ अन्य विभागों द्वारा लाभार्थियों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। उत्तर प्रदेश दिवस के कार्यक्रम के अवसर पर सूचना विभाग के द्वारा 1500 से अधिक उत्तर प्रदेश संदेश नामक पत्रिका एवं कलेंडरो 2026 का वितरण कार्यक्रम में आए स्कूल के छात्र, एनसीसी कैडेट्स एवं लाभार्थियों के साथ-साथ अधिकारियों को किया गया। रामलीला ग्राउंड में उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रम का आयोजन 26 जनवरी 2026 तक संचालित रहेगा।

## हापुड़ के जिन्दल जैलर्स को अभिनेत्री मोनी रॉय ने इंटरनेशनल डैजिंग अवार्ड से किया सम्मानित




वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद में नगर के सरार्फा कारोबारी को अत्याधुनिक डिजाईन, ग्राहक की संतुष्टि और ईमानदारी के लिए अभिनेत्री मोनी रॉय ने इंटरनेशनल डैजिंग अवार्ड से सम्मानित किया ।जानकारी के अनुसार हापुड़ के सरार्फा बाजार स्थित जिंदल ज्वैलर्स के संचालक व बधेल कारोबारी सचिन जिंदल व उनके बेटे प्रथम जिंदल को एक ग्राम गोल्ड ज्वेलरी के अत्याधुनिक डिजाईन,ग्राहक की संतुष्टि और ईमानदारी के लिए दिल्ली के रजवाडा पैलेस बाई रियासत में आयोजित समारोह में मुम्बई से आई मोनि रॉय ने इंटरनेशनल डैजिंग अवार्ड से सम्मानित किया ।बंधेल कारोबारी सचिन जिंदल ने पुरूस्कार पाकर सभी का आभार व्यक्त किया।

## माघ मेले में स्वर्गीय प्यारे लाल केसरवानी की पुण्यस्मृति में भव्य भंडारे का आयोजन

वेलकम इंडिया

**प्रयागराज।** माघ मेले के पावन अवसर पर स्वर्गीय प्यारे लाल केसरवानी की पुण्यस्मृति में एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस पुण्य आयोजन का नेतृत्व आयोजक एवं पूर्व प्रधान राहुल केसरवानी ने किया। भंडारे में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए पूरा केसरवानी परिवार एकजुट होकर आगे आया।

विशेष बात यह रही कि परिवार की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते हुए स्वयं आगे आकर मेले में आए श्रद्धालुओं को भोजन परोसा और सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। आयोजन में सामाजिक समरसता, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं की सुंदर झलक देखने को मिली।



इस अवसर पर मनीषा केसरवानी, शालिनी केसरवानी, आकांक्षा केसरवानी, रुशाली केसरवानी, ज्ञान केसरवानी, रंजीत यादव, रिंकू सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने भंडारे की सराहना करते हुए आयोजकों को पुण्य कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## विधायक डॉ डीसी वर्मा से मेडल और प्रमाण पत्र पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** राजकीय पॉलीटेक्निक बरेली के प्रांगण में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर डीसी वर्मा विधायक 119 मीरगंज बरेली, विशिष्ट अतिथि नमिता वर्मा प्रधानाचार्य राजकीय महिला पॉलीटेक्निक बरेली उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के चेहरे मेडल और प्रमाण पत्र पाकर खिल उठे। अपने उद्बोधन के माध्यम से विधायक डॉ डीसी वर्मा ने छात्र छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया गया साथ ही साथ अपने अनुभव भी साझा किए गए। संस्था के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का आभार व्यक्त किया गया एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर अकादमिक अधिकारी मंजू देवी द्वारा सभी को आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जितेंद्र गौतम, रमन, राजन, निधि, सुनील, सरोज अनुरंजना द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में



सहयोग दिया गया इस खास मौके पर संस्था का समस्त स्टाफ भी पूर्ण मनोयोग से कार्यक्रम में लगा रहा। इन छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया मैकेनिकल प्रोडक्शन प्रथम वर्ष में हरीष कुमार, इलेक्ट्रिकल प्रथम वर्ष में विनय कैथवार, मैकेनिकल ऑटोमोबाइल प्रथम वर्ष में अनकित कुमार, सिविल प्रथम वर्ष में शान्तनु वर्मा, इलेक्ट्रिकल द्वितीय वर्ष में साक्षी कुमारी, सिविल द्वितीय वर्ष में कगिश रागैर, श्वेता, मैकेनिकल प्रोडक्शन द्वितीय वर्ष में आयुष कुमार शाही, मैकेनिकल ऑटोमोबाइल द्वितीय वर्ष में अभय प्रताप सिंह, सिविल तृतीय वर्ष में प्रशान्त शुक्ला, इलेक्ट्रिकल तृतीय वर्ष में महक गुप्ता, मैकेनिकल ऑटोमोबाइल तृतीय वर्ष में नितिन, मैकेनिकल प्रोडक्शन तृतीय वर्ष में हर्ष जागावात, सोनू द्विवेदी के साथ मण्डल स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता विजेता अरविंद कुमार को मेडल व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

## हनुमान बाग आश्रम में तीन दिवसीय महाकुंभ, उमड़ेगा आस्था का सैलाब,

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** गोवर्धन के प्रसिद्ध हनुमानबाग आश्रम में आगामी 30 जनवरी से तीन दिवसीय भव्य वार्षिक महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। हनुमान जी के इस वार्षिक उत्सव को लेकर आश्रम में तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। इस दौरान आस्था, भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा, जिसमें देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगेगा। हनुमानबाग आश्रम के महंत संत सियाराम दास महाराज के सानिध्य में यह आयोजन 30 जनवरी से शुरू होकर 1 फरवरी तक चलेगा। महोत्सव के दौरान तीन दिनों तक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

आश्रम प्रबंधन के अनुसार, इस भंडारे में साधु-संतों, ब्राह्मणों और स्थानीय ब्रजवासियों के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले लाखों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे हनुमान जी के इस वार्षिक महोत्सव की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें कई वीवीआईपी, वीआईपी और प्रमुख जनप्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। प्रशासन और आश्रम प्रबंधन सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरत रहा है ताकि लाखों की संख्या में आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेते हुए महंत सियाराम दास महाराज ने सभी भक्तों और ब्रजवासियों से इस पावन उत्सव में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी की कृपा और सेवा का यह अवसर साल में एक बार आता है, जिसमें सभी को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

## कटोरिया के ओमनगर इनारावरण में मनाया कपुरीं जयन्ति मुखिया उर्मिला देवी द्वारा विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया

एहसान अंसारी

**पटना:** बांका जिला में जननायक भारत रत्न कपूरीं ठाकुर की जयंती धूमधाम से मनाया गया ।शनिवार को 24 जनवरी कपूरीं जयंती का आयोजन बांका जिला अंतर्गत कटोरिया के देवासी पंचायत ओमनगर परिषर में मुखिया उर्मिला देवी की अध्यक्षता में जयंती समारोह का आयोजन किया गया ।सवो ने संयुक्त रूप से कपुरीं जी के मानचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। मंच का संचालन निरंजन ठाकुर ने किया उपस्थित जननायक कपूरीं ठाकुर विचार मंच के विचारधारा पर चलने वाले बुद्धिजीवियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विभिन्न वक्ताओं ने कपुरीं विचार को रखा । जबकि समाजसेवी सह प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति सदस्य जदयू के ओंकार यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कपूरीं जी का जयंती पर एकत्रित हुए हैं ।आम जनों को हार्दिक सम्मानित स्वागत करता हूं ।और कपुरीं ठाकुर का विचारो पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा सबसे पहले शिक्षा शिक्षा नहीं तो कुछ नहीं अपने-अपने बच्चों को शिक्षा देना निर्वहन करना हर माता-पिता का फर्ज बनता है उसे पूरा करिए और समय से जुड़े रहिए आने वाले दिन वही बच्चा देश के मानचित्र पर होंगे कोई आईएस होंगे कोई आईपीएस होंगे कोई शिक्षक होंगे कोई इंजीनियर होंगे कोई मंत्री होंगे कपूरीं जी का यही सपना था और उन्होंने जो आरक्षण लागू कर हम सभी वर्ग को आगे बढ़ने का काम किया है इस मंच पर हम सभी परिवार एक साथ है सारा भेदभाव द्वेष को भूलकर कंधे से कंधे



मिलाकर चलने का अगर कोई विचार दिया है वो है कपूरीं ठाकुर अपने जीवन काल में कपूरीं जी ने दलित शोशित पिछड़े अति पिछड़े वंचितों को ऊपर उठाने का काम किया और एक मंच पर सजाने का भी काम किया ।

# गिरिराज जी की शरण में पहुंचे मथुरा बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी

वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** मथुरा बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी गिरिराज महाराज की शरण में पहुंचे। दानघाटी मंदिर में विधि-विधान और मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना कर सभी पदाधिकारियों ने अपने नए दायित्वों की शुभ शुरूआत की। सेवायतों द्वारा पदाधिकारियों का प्रसाद, दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। शनिवार को दानघाटी मंदिर में मथुरा बार एसोसिएशन अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, सचिव मनोज शर्मा, उपाध्यक्ष राजकृष्ण भारद्वाज, संयुक्त सचिव सुरेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा तथा ऑडिटर देवकीनंदन शर्मा ने गिरिराज जी के श्रृंगार दर्शन कर



आशीर्वाद प्राप्त किया। सेवायत एडवोकेट पवन कौशिक ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला, दुपट्टा व प्रसादी देकर सम्मान किया। इससे पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह अपने पैतृक गांव भवनपुरा पहुंचे, जहां राष्ट्रीय महासचिव उत्तर प्रदेश चौधरी गोविंद सिंह, हरेकृष्ण चौधरी सहित ग्रामीणों ने सभी पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर बार अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने कहा कि वे सदैव अधिवक्ताओं के हित में कार्य करेंगे और न्याय प्रणाली में सामने आ रही खामियों को दूर कराने का प्रयास करेंगे। वहीं सचिव मनोज शर्मा ने कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई पूरी मजबूती से जारी रहेगी तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस मौके पर नेतृपाल प्रधान, नंदू नेताजी, धौरीला चौधरी, उदयवीर चौधरी आदि मौजूद रहे।

# यूपी दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय महिला पॉलिटेक्निक के दीक्षांत समारोह में छात्राओं को किया गया सम्मानित

वेलकम इंडिया




**बरेली।** उत्तर प्रदेश दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय महिला पॉलिटेक्निक बरेली में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ डी सी वर्मा विधायक 119 मीरगंज बरेली विशिष्ट अतिथि नरेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक बरेली एवं डॉ. इंद्रप्रीत कौर, असिस्टेंट प्रोफेसर एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली ने छात्राओं को डिप्लोमा प्रमाण पत्र एवं अंक तालिका का वितरण किया तथा 22 व 23 जनवरी को हुए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के पुरस्कार व प्रमाण पत्र भी प्रदान किये। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नमिता वर्मा ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने छात्राओं को अपने आशीष वचन के रूप में लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। इस भव्य कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ० शर्मिला व्याख्याता इलेक्ट्रॉनिक व संजीव कुमार, कंप्यूटर प्रोग्रामर ने किया। पीजीडीसीए में ममता और सोनम, पीजीडी अकाउंटेंसी (लेखाकर्म) में सविता, सिबत जेहरा और पूरवा गंगवार, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग ब्रांचः2024-25 बैच में टॉपर प्रेरणा गुप्ता, भावना भारद्वाज और प्राची मित्तल रहीं इसी के साथ आधुनिक कार्यालय प्रबंधन और सचिवीय अभ्यास में प्रीति दिवाकर, वानिया कौसर और स्मृति को मेडल प्रदान किए गए।

# पारदर्शी, रुपये माँगना अवैध व दण्डनीय : जिला कमाण्डेन्ट (मेंम्बर सिंह)

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह




हापुड़। जिला होमगाड्र्स कार्यालय, हापुड़ द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया गया है कि होमगाड्र्स स्वयंसेवकों की भर्ती वर्ष 2025-26 की सम्पूर्ण प्रक्रिया उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अंतर्गत उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा पूर्णतः पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपादित की जा रही है।जिला कमाण्डेन्ट मैम्बर सिंह ने स्पष्ट किया कि होमगाड्र्स भर्ती के नाम पर किसी भी अभ्यर्थी से किसी प्रकार की धनराशि माँगे जाने का कोई प्रावधान नहीं है। यदि कोई व्यक्ति—चाहे वह होमगाड्र्स विभाग से संबंधित हो अथवा नहीं—किसी अधिकारी, कर्मचारी या प्रभावशाली व्यक्ति का नाम लेकर भर्ती कराने का दावा करते हुए धन की माँग करता है, तो यह पूर्णतः अवैध, भ्रामक एवं दण्डनीय अपराध है। उन्होंने अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों से अपील की कि वे दलालों, एजेंटों, फर्जी कॉल, संदेशों अथवा सोशल मीडिया पर प्रसारित अप्रमाणित सूचनाओं से सतर्क रहें और किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आएँ। यदि किसी अभ्यर्थी से भर्ती के नाम पर उत्कोच (रिश्वत) की माँग की जाती है या किसी प्रकार की धोखाधड़ी का प्रयास किया जाता है, तो इसकी सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाना को दें।

# करणी सेना के प्रदेश सचिव कन्हैया सिंह राजावत व अन्य कार्यकताओं ने किया गोवर्धन तलहटी में पौधारोपण

वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ श्रीराष्ट्रीय राजपूत करणी सेना और वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से गोवर्धन की तलहटी में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत गिरिराज जी की तलहटी में सैकड़ों छायादार और फलदार पौधे रोपे गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीराष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश सचिव कन्हैया सिंह राजावत ने पौधारोपण कर अभियान की शुरूआत की। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ₹वृक्ष धरा के वास्तविक आभूषण हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए न केवल पौधे लगाना आवश्यक है, बल्कि उनका पूर्ण संरक्षण करना भी हम सभी का नैतिक दायित्व है।₹ अभियान के दौरान तलहटी के रिक्त स्थानों पर स्थानीय जलवायु के अनुकूल विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए, जिनमें मुख्य रूप से आम, जामुन, करील, गुड़हल और अन्य प्रजातियां रौपी गई। इस सेवा कार्य में वन विभाग की ओर से वन दरोगा ओमवीर सिंह ने विभागीय सहयोग सुनिश्चित किया। इस अवसर पर पवन शर्मा, भरत राजावत, ओमहरि सहित करणी सेना के कार्यकर्ता और वन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने रोपे गए पौधों की देखरेख का संकल्प लिया।



# यूजीसी बिल पर सवाल ? सामाजिक समरसता पर खतरा - मनोज शर्मा

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** यूजीसी जैसे विधेयक की आवश्यकता पर सवाल उठाते हुए अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा ने कहा है कि ऐसे कानून समाज को जोड़ने के बजाय बाँटने का काम करते हैं। एक ओर ह्लजात-पात की करो विदाईह्व हम सब हिंदू भाई-भाई का नारा दिया जा रहा है, तो दूसरी ओर नीतियों के माध्यम से वर्गीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है—यह स्पष्ट विरोधाभास है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को यदि भेदभाव और वर्गीकरण का माध्यम बनाया गया, तो इसका दुष्प्रभाव आने वाली पीढ़ियों पर पड़ेगा। ऐसे कानून सामान्य और अन्य वर्गों के बच्चों के बीच अनावश्यक दूरी पैदा करते हैं, जिससे भाईचारा और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा कमजोर होती है। मनोज शर्मा ने दो टूक कहा कि देश को ऐसी नीतियों की जरूरत है जो योग्यता, समान अवसर और समरसता को बढ़ावा दें, न कि विभाजन को संस्थागत बनाएं। राष्ट्रहित की राह समरसता से निकलती है, भेद भाव से नही।

# जीडीएस इंटरनेशनल स्कूल की प्रबंध कार्यकारिणी (2025-30) का सर्व सहमति से चुनाव संपन्न



वेलकम इंडिया


पहासू/पहासू शनिवार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जीडीएस इंटरनेशनल स्कूल सूरजावली पहासू बुलंदशहर की प्रबंध कार्यकारिणी (2025-30) का चुनाव पर्यवेक्षक अनुराग सिंह बुलंदशहर की देखरेख में सर्व सहमति से संपन्न हुआ जिसमें सोमलता राज सचिव/ प्रबंधक कुबेर दत्त शर्मा अध्यक्ष फूलवती राना संरक्षक मनीष कुमार राज कोषाध्यक्ष महेश कुमार सदस्य हरि किशोर सदस्य प्रमोद कुमार सदस्य धीरज सिंह सदस्य आनंद कुमार सदस्य धर्मेंद्र कुमार निगम सदस्य जय सिंह सदस्य गोरखपाल सिंह सदस्य चुने गए पर्यवेक्षक के द्वारा सभी को सत्य निष्ठा की शपथ दिलाई गई कार्यक्रम के अंत में सोमलता राज द्वारा सभी का सम्मान किया गया।

# ताइक्वांडो एशिया फेडरेशन के सदस्य और यूपी ओलंपिक संघ के सचिव का किया भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** धर्म और संस्कृति की नगरी मथुरा में बीते दिन खेल जगत की प्रमुख विभूतियों का समागम हुआ।

ताइक्वांडो एशिया फेडरेशन के सदस्य, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के वरिष्ठ सचिव एवं क्रीड़ा भारती के प्रांत संयोजक माननीय रजत दीक्षित जी के ब्रजभूमि आगमन पर उनका भावभीनी अभिनंदन किया गया। ?भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ड्रिपबॉल भारत के सचिव ने रजत दीक्षित की अगवानी की। इस अवसर पर उन्हें पारंपरिक रूप से पटुका पहनाकर सम्मानित किया गया। यह मुलाकात न केवल शिष्टाचार का प्रतीक थी, बल्कि प्रदेश में खेलों के भविष्य और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक संवाद का माध्यम भी बनी। मुख्य चर्चा के बिंदु मुलाकात के दौरान खेल पदाधिकारियों के बीच निम्नलिखित विषयों पर चर्चा हुई। खेल प्रोत्साहन उत्तर प्रदेश में ओलंपिक खेलों के प्रति युवाओं को जागरूक करना। ड्रिपबॉल का विस्तार भारत में उभरते हुए खेल 'ड्रिपबॉल' की संभावनाओं और इसके प्रचार-प्रसार पर विमर्श किया गया। क्रीड़ा भारती और अन्य खेल परिषदों के बीच बेहतर तालमेल बिठाना ताकि जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मंच मिल सके। ₹रजत दीक्षित जी जैसे अनुभवी व्यक्तित्व का मार्गदर्शन प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।ब्रजभूमि में उनका स्वागत करना हमारे लिए गर्व का विषय है। इस मौके पर अरविंद चित्तौड़िया ने कहा अप्रैल मैं मिनी ओलम्पिक खेलो का आयोजन किया जायेगा।



# पाठों को ध्यान से पढ़ें और कहानियों का सारांश समझें ताकि आप उत्तर अपने शब्दों में लिख सकें- जमाल अहमद

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 18 फरवरी और सीबीएसई की परीक्षा 17 फरवरी से शुरू हो रही है। परीक्षा की तैयारियों को लेकर विद्यार्थियों पर दबाव है।

दैनिक वेलकम इंडिया प्रतिनिधि से बातचीत करते हुए अवध गर्ल्स इंटर कॉलेज कड़जा के प्रधानाचार्य जमाल अहमद ने कहा कि अंग्रेजी विषय में अच्छे अंक (90%+) प्राप्त करने के लिए सिलेबस को अच्छी तरह समझें, व्याकरण और राइटिंग सेक्शन पर ध्यान दें, और पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों का अभ्यास करें। मुख्य विषयों जैसे 'लेटर राइटिंग' और 'आर्टिकल' के



फॉर्मेट याद करें और लिटरेचर में कहानियों की समरी समझें। व्याकरण सबसे अधिक नंबर दिलाने वाला सेक्शन है। टेंसेज, डायरेक्ट-इनडायरेक्ट स्पीच, एक्टिव-पैसिव वॉयस, प्रीपोजिशन, और कंजंक्शन का अभ्यास करें। नोटिस, लेटर, आर्टिकल, रिपोर्ट, और निबंध के फॉर्मेट को अच्छी तरह से समझें। इन पर विशेष ध्यान दें, क्योंकि यह फॉर्मेट आधारित होते हैं। पाठों को ध्यान से पढ़ें और कहानियों का सारांश समझें ताकि आप उत्तर अपने शब्दों में लिख सकें। उत्तर में महत्वपूर्ण पॉइंट्स को अंडरलाइन करें, जिससे एग्जामिनर पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। प्रश्नों के उत्तर शब्द सीमा के अनुसार दें और वर्तनी की गलतियों से बचें। अपठित गद्यांश को हल करने के लिए पहले प्रश्नों को पढ़ें, फिर पैसेज पढ़ें ताकि उत्तर जल्दी मिल सकें। पिछले साल के प्रश्न पत्रों को 3 घंटे के समय के साथ हल करें।

# रामानंद आश्रम में आयोजित रामलीला में हुआ ताड़का, मारीच, सुबाहु वध का सजीव मंचन




वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** परिक्रमा मार्ग स्थित श्री रामानंद आश्रम में दूसरे दिन श्री रामानंदाचार्य जयंती महोत्सव में विश्वामित्र आगमन, ताड़का, मारीच, सुबाहु वध, फुलवारी की लीला का सुंदर मंचन किया गया। जिसको देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

36वे अनन्त श्री विभूषित जगद् ?गुरु स्वामी श्री रामानन्दाचार्य जयन्ती महा महोत्सव में सुबह की बेला में श्री उपेंद्रनाथ शास्त्री जी (व्यासजी) के निर्देशन में श्री राम महायज्ञ के उपरांत ५१ ब्राह्मणों द्वारा श्री रामचरितमानस नवाँह पाठ का आयोजन किया गया। दोपहर को हनुमान चालीसा के बाद रामलीला का भव्य एवं सचित्र मंचन देख सभी भक्तजनों द्वारा किए गए जय श्री राम के उद्घोषों से प्रांगण गुंजायमान हो गया। रामलीला में महर्षि विश्वामित्र के अयोध्या आगमन पर राजा दशरथ ने उनके यज्ञ की रक्षा हेतु राम-लक्ष्मण को उनके साथ भेजा।

# ठाकुर श्री चतुर्भुज महाराज मंदिर में बसंत पंचमी से हुई होली की शुरूआत



वेलकम इंडिया

**मथुरा/छाता।** नगर के प्रसिद्ध ठाकुर श्री चतुर्भुज महाराज मंदिर में बसंत पंचमी से होली की शुरूआत हो जाती है। मंदिर सेवायत गौरव कौशिक ने बताया कि बसंत पंचमी पर ठाकुर जी को पीत वस्त्र धारण कराए जाते है एवं पीले वस्त्रों से ही ठाकुर जी का बंगला बनाया जाता है और पीले रंग के व्यंजन ठाकुर जी को अर्पण किए जाते है। आज से ठाकुर जी को बसंती रंग लगाया जाता है महिला भक्त निहारिका शर्मा ने बताया कि शृंगार आरती पर ठाकुर जी को होली के गीत सुनाए जाते हैं, मस्ती में नृत्य कर ठाकुर जी को रिझाते है। होरी खेले तो हमारे घर आ जइयो रसिया है भक्त एक दूसरे को बसंती रंग लगाते है पूरे बृज मंडल में आज से होली का आगाज हो जाता है पूरे ब्रजमंडल में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है ।

# मतदाता दिवस पर हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर तहसील परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने ह्लमैं भारत हूँह्व लोगो का अनावरण किया तथा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ दिलाई।कार्यक्रम के दौरानसीडीओ ने नए मतदाताओं, उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ, स्वीप गतिविधियों सहित अन्य संबंधित क्रियाकलापों में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया। मुख्य विकास अधिकारी आरसी. तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी बीएलओ से घर-घर जाकर अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब अधिक से अधिक लोग मतदान करेंगे तभी योग्य प्रतिनिधि लोकसभा एवं विधानसभा तक पहुँच सकेंगे।उन्होंने यह भी कहा कि (ढश्री-रकफ) प्रे- एसआईआर के दौरान कोई भी पात्र व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए। यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो।स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रियंका, रूपा एवं पल्लवी, स्लोगन प्रतियोगिता में पावनी, मानवेंद्र एवं लीला तथा निबंध प्रतियोगिता में अभिषेक, प्रियंका एवं बालम को सम्मानित किया गया।इसके अतिरिक्त इस अवसर पर फुटबॉल कोच नीरज पांडे, वृक्ष प्रेमी और अभियान के ब्रांड एम्बेसडर किशन सिंह मलडा, दिव्यांग आइकॉन मोहिनी कोरंगा, राजीव जोशी, नरेंद्र पालनी, आलोक पांडे, हिमांशु नेगी, गंगा पांडे एवं जगदीश जोशी को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी प्रियंका रानी, मुख्य शिक्षा अधिकारी विनय कुमार, बीएलओ गण, नए मतदाता वोटर, स्वीप टीम एवं अन्य संबंधित अधिकारी व आमजन उपस्थित रहे।



# शहीद स्मृति चेतना समिति ने किया सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली। विवेक जैन।** पीतमपुरा डी मॉल के निकट स्थित पार्क में शहीद स्मृति चेतना समिति द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के 129 वे जयंती महोत्सव व समिति के रजत जयन्ती समारोह को बड़ी ही भव्यता के साथ पूरे धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया। आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली एनसीआर की जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। आयोजको ने आये अतिथियों को पटका पहनाकर, स्मृति चिन्ह व 1857 की क्रांति के महानायक बागपत निवासी चौधरी बदन सिंह तोमर की महान गाथा पर लिखी गयी पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने नेताजी और वीर शहीदों के जीवन पर प्रकाश डाला और उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के केबिनेट मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह, दिल्ली विधान सभा प्रतिपक्ष पूर्व उपनेता जयभगवान अग्रवाल, त्रिनगर विधायक तिलकराम गुप्ता, रिठाला विधायक कुलवंत राणा, मॉड़ल टाउन विधायक अशोक गोयल देवराह, शकुरबस्ती विधायक करनैल सिंह, पार्षद किशन बेमाड, पूर्व जिलाध्यक्ष केश्वपुरम रविन्द्र गोयल, निगम पार्षद मीनू गोयल, पार्षद रवि हंस, निगम पार्षद जय भगवान यादव, बीओआई अध्यक्ष सुखबीर शर्मा, सेठ घनश्याम गुप्ता जेवेरी व क्रांतिकारियों व स्वतंत्रता सेनानियों के वशंजो में शहीद ए आजम नवाब मज्जू खान के प्रपोत्र मोहम्मद सलीम अहमद फारूकी, अमर शहीद चौधरी बदन सिंह तोमर के प्रपोत्र चौधरी तेजपाल सिंह, अमर शहीद सुखदेव जी थापर के परिवार से रघुवीर सिंह जेतका, डेरा सच्चा सौदा संचालक शिव शंकर पाहवा आदि को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के आयोजक डाक्टर प्रेम कुमार शुक्ल, सेठ रामनिवास गुप्ता, सीए सुरेश गुप्ता, हर्ष गर्ग, मनोहर लाल बुद्धिराजा, आरके बिन्दल, हरीश ग्रोवर, पीसी खत्री, सुरेन्द्र गुप्ता, नित्यानन्द शर्मा, डाक्टर सारस्वत मोहन मनीषी, महेश चन्द्र शर्मा, योगेन्द्र राणा, योगेन्द्र सिंह योगी, नीरज शर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सभी अतिथियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।



# मारपीट में महिला घायल, पांच के खिलाफ मुकदमा

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** क्षेत्र के डोमैला गांव (मिजार्मुराद) निवासिनी आरती देवी के तहरीर पर मिजार्मुराद पुलिस शुक्रवार की देर रात मारपीट, व तोड़फोड़ के मामले में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई। पीड़ित आरती देवी ने बताया कि सास, ससुर व जेठानी सभी लोग अलग रहते है घर के पास जेठानी के दो भाई आए और बिना बटवारे के बाथरूम बनाने लगे जब में बोली बटवारे के बाद बनाना तो गाली-गलौज देते हुए घर में घुसकर मारने-पीटने लगे जिससे सिर, हाथ-पैर में काफी चोट आ गया व मेरी ऐंड्रॉयड मोबाइल भी तोड़कर फेक दिये व मारपीट के दौरान गले में पहनी सोने की लाकिट कही गिर गया।महिला के तहरीर पर अनरा देवी, उषा देवी, शिव प्रसाद बिन्द, अंगद व बुन्देलाल बिन्द के खिलाफ धारा 191(2), 115(2), 352, 351(2), 333 व 324(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर घायल महिला को शनिवार को मेडिकल मुआयना हेतु भेज दिये।

# श्री गौतम ऋषि आश्रम में धूमधाम से प्रारम्भ हुआ पण्डित बिहारी दास त्यागी महाराज का अष्ट-दिवसीय वार्षिक महोत्सव



(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)

**वृन्दावन।** वाराह घाट-परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीगौतम ऋषि आश्रम में निंबार्क संस्कृत महाविद्यालय एवं गौतम ऋषि आश्रम के संस्थापक सन्त शिरोमणि पण्डित बिहारी दास त्यागी महाराज का अष्ट-दिवसीय वार्षिक महोत्सव अनंतश्री विभूषित मुकुंद शरण बाबा महाराज एवं श्रीमहंत सर्वेश्वर शरण महाराज ( मामाजी ) के पावन सानिध्य में अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ प्रारम्भ हो गया है। जिसके अन्तर्गत भव्य शोभायात्रा के साथ प्रारम्भ हुई सप्तदिवसीय श्रीनिंबार्क भागवत कथा में व्यास पीठ से प्रख्यात भागवताचार्य पण्डित रमेश चंद्र शास्त्री महाराज ₹व्याकरणाचार्य₹ (करौली) ने अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का महात्म्य श्रवण कराया। व्यासपीठाधीन पण्डित रमेश चंद्र शास्त्री (करौली) ने कहा कि महर्षि वेदव्यासजी द्वारा रचित श्रीमद्भागवत महापुराण में सभी धर्म ग्रंथो का सर निहित है, इसीलिए इसे पंचम वेद कहा गया है ।वस्तुतः यह ग्रंथ अखिल कोटि ब्रह्माण्ड नायक परमब्रह्म परमात्मा भगवान श्रीकृष्ण का वांग्मय स्वरूप है। जिसका श्रवण, वाचन व अध्ययन करने मात्र से प्राणियों के समस्त पापों का नाश हो जाता है ।साथ ही उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है ।इसीलिए सभी प्राणियों को श्रीमद्भागवत महापुराण का श्रवण करना चाहिए। महोत्सव के अंतर्गत ब्रज सेवा संस्थान के द्वारा भागवताचार्य पण्डित रमेश चंद्र शास्त्री महाराज का उनके द्वारा धर्म व अध्यात्म के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए सम्मान किया गया ।उन्हें यह सम्मान ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष व प्रख्यात साहित्यकार ₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, महामंडलेश्वर स्वामी रामदास महाराज (अयोध्या) एवं डॉ. राधाकांत शर्मा आदि ने संयुक्त रूप से ठाकुरजी का छवि चित्र, प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र भेंट करके व माल्यार्पण करके दिया।

# मतदाता जागरूकता दिवस के पूर्व संध्या पर छात्राओं ने निकाली रैली




संदीप तिवारी वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** आराजी लाइन ब्लॉक के चक्रपानपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के पूर्व संध्या पर शनिवार को विद्यालय से रैली निकालकर पूरे गांव में भम्रण कर छात्र-छात्राओं ने मतदाताओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया रैली में छात्र-छात्राएं बोल रहे थे 'पहले मतदान, फिर जलपान' और 'आधी रोटी खाएंगे, वोट डालने जाएंगे' जैसे नारे लगाए ।इस अवसर पर अध्यापिका रिचा सिंह ने कहां कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी भी है ।कार्यक्रम का समापन विद्यालय परिसर में हुआ, जहां सभी बच्चों ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने की शपथ ली ।इस अवसर पर अध्यापक रमेश कुमार पटेल, शशि कला सिंह, मनोज कुमार सिंह, सोनिया सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर हुए रंगा रंग कार्यक्रम



वेलकम इंडिया

**शिकारपुर/** विज्डम वर्ल्ड स्कूल के प्रबंधक संजय जैन एवं निदेशक नमन जैन के मार्गदर्शन में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 के उपलक्ष्य में छोटे वर्गों के विद्यार्थियों हेतु विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुति के साथ की गई जिससे संपूर्ण वातावरण राष्ट्रप्रेम की भावना से गूंज उठा। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित जनों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के फाउंडर सुशील कुमार जैन संदीप जैन व प्रधानाचार्य राजकुमार तेवतिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सुंदर एवं प्रभावशाली संचालन प्रियांशी एवं गुंजन द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों में देशभक्ति, अनुशासन एवं एकता की भावना को विकसित करते हैं तथा उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। कार्यक्रम में कक्षा एनसी व यूकेजी के विद्यार्थियों में तक्ष लांबा, टियांश सिंघल, अवनी बरगौती, द्रिशा चौधरी , दिशा ,वासु आदि ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं कक्षा प्रथम एवं द्वितीय के विद्यार्थियों में चार्वी, सारांश, सान्या सिंघल, तन्वी सिंह, दित्या, प्रियांशी, दक्षिता, हंसी एवं रचित ने अपनी सुंदर प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देश रंगीला, दिल है हिंदुस्तानी तथा देश मेरे तेरी शान पे सदके जैसे देशभक्ति गीतों की प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दी गईं। इसके साथ ही मोबाइल एक्ट, सुनो गौर से दुनिया वालों, बुरी नजर न हमपर डालो, यूनिटी इन डाइवर्सिटी पर आधारित नाट्य प्रस्तुति तथा अंत में देशभक्ति गीतों का भव्य मशअप झ्र यह देश है वीर जवानों का प्रस्तुत किया गया। स्कूल की सजावट अनूप शर्मा द्वारा की गई

# न्याय पंचायत स्तरीय द शिक्षा चौपाल का आयोजन दुधारा किया गया

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** स्कूल शिक्षा महानिदेशक एवं राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के आदेश के क्रम में आज दिनांक 24. 01.2026 को संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय दुधारा में न्याय पंचायत स्तरीय द शिक्षा चौपाल का आयोजन दुधारा किया गया। जिसका प्रमुख उद्देश्य शिक्षा के महत्व को समझाते हुए जन समुदाय की भागीदारी बढ़ाना, अभिभावकों को एस एम सी के सदस्यों का निपुण भारत मिशन के लक्ष्य एवं गुणवत्तापूर्ण जीवन में शिक्षा के दीर्घकालीन महत्व को अवगत कराना तथा शिक्षा चौपाल के माध्यम से विद्यालय में छात्र उपस्थिति बढ़ाने का प्रयास करना है। इस कार्यक्रम में के मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक दुधारा अरविन्द शर्मा तथा महिला थाना की हेड कांस्टेबल चांदनी सिंह प्रभारी महिला सशक्तीकरण टीम, कांस्टेबल



पूजा जायसवाल के साथ उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता नोडल शिक्षक संकुल दुधारा एवं ब्लॉक अध्यक्ष रा. शै. संघ डॉक्टर आशीष कुमार गौतम नें किया। इसके साथ ग्राम प्रधान अब्दुल कलाम, अब्दुर्रहीम, शिक्षण संकुल मुख्तार आलम,हिमांशु सुधीर श्रीवास्तव, सुहेल अहमद एवं यादव प्रभारी प्रधानाध्यापक पंकज कुमार गुप्ता, शिक्षक अमरदेव यादव, चंद्रप्रकाश, रिया श्रीवास्तव, दिलशाद फातिमा, दीपिका पांडे, अरुण कुमार एवं रटउ अध्यक्ष रमेश चन्द्र व सैकड़ो अभिभावक कार्यक्रम में उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस समारोह भी मनाया गया आज के ही दिन 24 जनवरी सन 1950 से संयुक्त प्रांत से अलग होकर उत्तर प्रदेश राज्य बना । कार्यक्रम के अंत में नोडल शिक्षण संकुल डॉक्टर आशीष कुमार गौतम ने सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अनंशा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा समाज हित में किया जा रहा कार्य सराहनीय

संदीप तिवारी

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** आराजीलाइन के ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डा.महेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि समाज के वंचित वर्गों के उत्थान, शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भर बनाने समेत सुव्यवस्थित समाज हित में सेवा कार्य करना एक नेक पहल हैं ।अनंशा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा समाज हित में किया जा रहा कार्य सराहनीय हैं।

ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शनिवार को खजुरी स्थित सुबह-ए बनारस के सभागार में अनंशा वेलफेयर सोसाइटी के वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के पद से उपस्थित रहे ।विशिष्ट अतिथि के रूप में वीरेंद्र दूबे, ज्ञानचंद (पार्षद प्रतिनिधि) व शैलेन्द्र सिंह 'पिन्टू' (पत्रकार) उपस्थित रहे ।अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर समारोह का शुभारंभ किया।

संस्था की सचिव डा.संगीता सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य समस्या से समाधान की ओर हैं ।शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, गरीबी



उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण समेत समाज हित में संस्था काम कर रही हैं, आने वाले समय में दिव्यांग बच्चों के लिए काम करेंगे ।अनंशा वेलफेयर सोसाइटी से जुड़े सदस्यों ने संस्था की वार्षिक रिपोर्ट और किए गए सामाजिक कार्यो पर प्रकाश डाला ।अतिथियों का स्वागत संस्था के सदस्य अमित कुमार संचालन राजेश व प्रमोद ने तथा धन्यवाद ज्ञापन बिंदो ब्यूटी लाउंज (बीबीएल) की बिंदो देवी ने किया।

समारोह में रंजीत सिंह पटेल, प्रदीप सिंह (फौजी), ऋतु रानी, आनंद, सुमन, विनय, आरती समेत अन्य उपस्थित रहे।

# 26 जनवरी को लेकर रुदौली कोतवाली पुलिस अलर्ट

वेलकम इंडिया फतेह खान

**रुदौली-अयोध्या।** आगामी गणतंत्र दिवस के मद्देनजर रुदौली कोतवाली पुलिस पूरी तरह से अलर्ट नजर आ रही है। शनिवार को रुदौली क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ रुदौली रेलवे स्टेशन एवं अन्य भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान रुदौली कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य की मौजूदगी में संचालित किया गया। चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन तलाशी ली गई। वहीं रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों के सामान की भी जांच की गई। पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर सतर्कता बरतते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया। प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने बताया कि



गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा रही है। और जरूरत पड़ने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि नजर आए तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। अभियान के दौरान पुलिसकर्मी सतर्कता के साथ तैनात नजर आए। और लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

# सूर्य से ही पृथ्वी पर अनंत जीवों का अस्तित्व :- बोहरा



वेलकम इंडिया

**बाड़मेर राजस्थान।** शिक्षा विभागीय निदेर्शों की पालना में शनिवार को सूर्य सप्तमी की पूर्व संध्या पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, सांसियों का तला में प्रधानाध्यापिका श्रीमती गुंजन आचार्य की उपस्थिति एवं स्टेट अवार्डी शिक्षक मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व व निर्देशन में सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय स्टाफ सहित 200 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। स्टेट अवार्डी शिक्षक मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि सम्पूर्ण सृष्टि में सूर्य ही प्रकाश का सबसे बड़ा स्त्रोत है। सूर्य के प्रकाश से ही पृथ्वी पर अनन्त जीवों क अस्तिव है। अमन ने बताया कि जहां सूर्य से हमें स्वास्थ्यवर्द्धक प्रकाश प्राप्त होता है, वहीं इसी प्रकाश से हमारे जीवन में ऊर्जा का संचार होता है। जैसे कि विटामिन-डी का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत सूर्य की किरणें होती हैं। इस दौरान सूर्य नमस्कार में विद्यालय स्टाफ में प्रधानाध्यापिका श्रीमती गुंजन आचार्य, स्टेट अवार्डी शिक्षक मुकेश बोहरा अमन, शारीरिक शिक्षक राजेश जोशी, डालूराम सेजू, चन्द्रकला सिहाग, सीमा शर्मा, रूपाराम सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# गौरा व पकरिया न्याय पंचायत में मनरेगा बचाओ संग्राम की चौपाल आयोजित

मोहम्मद असलम

लखीमपुर खीरी, 24 जनवरी 2026 न्याय पंचायत गौरा एवं न्याय पंचायत पकरिया के ग्राम अग्गर बुजुर्ग में शनिवार को ह्लमनरेगा बचाओ संग्रामह्व के तहत चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं मनरेगा मजदूर उपस्थित रहे। चौपाल को संबोधित करते हुए रामपाल शाक्य, जिला महासचिव व कोऑर्डिनेटर (140 विधानसभा श्रीनगर) ने मनरेगा योजना की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मनरेगा ग्रामीण परिवारों को रोजगार का कानूनी अधिकार प्रदान करने वाली योजना रही है, जिसके माध्यम से लोगों को अपने ही गांव में काम मिलता था। उन्होंने दावा किया कि पूर्व में मजदूरों को 100 दिनों के रोजगार की गारंटी मिलती थी और मजदूरी का भुगतान केंद्र सरकार द्वारा किया जाता था, जिससे राज्य सरकारों को काम उपलब्ध कराने में सुविधा होती थी। उन्होंने वर्तमान केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मनरेगा के स्वरूप में बदलाव से मजदूरों के रोजगार अधिकार प्रभावित हो रहे हैं और काम की उपलब्धता सीमित हो सकती है। कार्यक्रम में मौजूद लतीफ आजम अंसारी, पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल, ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में मजदूर रोजगार को लेकर चिंतित हैं और आने वाले समय में जनता बदलाव चाहती है। इस अवसर पर सैफ अली नकवी, हकीक खान, वसीम अतीक, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद अली, सलामत, सुरेंद्र कुमार, जावेद अली, ताहिर अली, रामू, सिराज अली, इरशाद अली सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। न्याय पंचायत गौरा क्षेत्र से लालता प्रसाद, अखिलेश कुमार, शमीम, नीरज कुमार, उमेश कुमार, लियाकत अली, घरभरन, संतोष कुमार, मुस्ताक अली, रामविलास, मनीराम, सावित्री देवी, मनोरमा देवी, बेचेलाल, सुनील कुमार, मनीष कुमार, लल्लू राम, राजकुमारी देवी सहित बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूरों की उपस्थिति रही। चौपाल के दौरान मनरेगा योजना, ग्रामीण रोजगार और मजदूरों के अधिकारों को लेकर चर्चा की गई।



# मोदी कॉलेज में छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों के द्वारा उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)** । डॉ० के० एन० मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों के द्वारा उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस विकसित भारत- विकसित उत्तर प्रदेश थीम के साथ भव्यता एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश चंद अग्रवाल ने अध्यात्म ,बलिदान और शिक्षा की तपोभूमि उत्तर प्रदेश दिवस की सभी को बधाई देते हुए उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बनाने हेतु सभी युवाओं का आह्वान किया। कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने छात्रों को भारत के गौरवमयी विरासत, इतिहास और अनूठी संस्कृति के संगम की भूमि उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश से सर्वोत्तम प्रदेश बनाने में युवा पीढ़ी को योगदान एवं सहभागिता देने पर बल दिया और कहा कि प्रदेश के विकास के लिए सभी को अपनी संस्कृति और सभ्यता का ज्ञान होना आवश्यक है। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक टी पी सिंह ने भी उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक आर के सिंह, वाइ सी शर्मा, शरद कुमार बाजपेई, प्रयास शर्मा, बलराम सिंह, संजीव कुमार, सीमा सिंह, डॉ पूनम वशिष्ठ , डॉ नीतू, नरेन्द्र कुमार, योगेन्द्र कुमार, शिवानी बागोरिया, राजीव कुमार, संजीव चौधरी, खेल प्रशिक्षक राजीव सिंह, वर्षा चौधरी, प्रीति, रेखा, कामिनी, रूमा चौधरी , चंचल, रानी आदि का विशेष योगदान रहा।

# हापुड़ फाटक से हनुमानपुरी को जोड़ने वाला जर्जर मार्ग से हजारों विद्यार्थी असुरक्षा के घेरे में

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)**। हापुड़ फाटक से हनुमानपुरी को जोड़ने वाला मार्ग इन दिनों बदहाली की मिसाल बना हुआ है। सड़क पर बने गड्ढों के अलावा नाल की ओर की सड़क कटाव के कारण यह सड़क न केवल यातायात को बाधित कर रही है, बल्कि क्षेत्र में जन सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। हालात ऐसे हैं कि पैदल चलना तो दूर, दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों के लिए भी इस मार्ग से गुजरना जोखिम भरा हो गया है। बता दें कि इसी मार्ग पर डॉ केएन मोदी विश्वविद्यालय, डॉ केएन मोदी ग्लोबल स्कूल व दयावती मोदी पब्लिक स्कूल जैसे बड़े शिक्षण संस्थान स्थित है। जिसमें प्रतिदिन हजारों छात्र-छात्राओं का आवागमन होता है।इसके अलावा स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं अभिभावकों के अलावा हनुमान पुरी मोहल्ला वासी भी आवागमन हेतु इसी मार्ग पर निर्भर है। और इस बदहाल मार्ग से गुजरने वालों पर खतरे की आशंका बनी रहती है।इसके बावजूद सड़क की स्थिति लंबे समय से उपेक्षा का शिकार बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क किनारे खुले नाले, जलनिकासी की व्यवस्था का अभाव और बरसात के दौरान जलभराव स्थिति को और भयावह बना देता है। कई बार छोटे वाहन फिसल चुके हैं, जबकि स्कूली बच्चों को सड़क के बीच से गुजरने के लिए मजबूर होना पड़ता है। हैरानी की बात यह है कि शिक्षण संस्थानों की इतनी अधिक आवाजाही के बावजूद सड़क सुरक्षा को लेकर कोई स्थायी व्यवस्था नजर नहीं आती। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह समस्या अब केवल असुविधा तक सीमित नहीं रही, बल्कि किसी बड़े हादसे की आशंका लगातार बनी हुई है। सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी दुर्घटना के बाद ही सक्रिय होगा, या फिर समय रहते हालात को संभालने की जिम्मेदारी निभाई जाएगी। शहर के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों को जोड़ने वाला यह मार्ग प्रशासनिक प्राथमिकताओं में क्यों शामिल नहीं है, यह सवाल अब आमजन के बीच चर्चा का विषय बन चुका है।

नागरिकों का मानना है कि यदि जल्द ही सड़क की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो इसके दुष्परिणाम सीधे तौर पर बच्चों और आम लोगों को भुगतने पड़ेंगे।

# गिन्नी देवी मोदी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)**।गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई ए व इकाई डी द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया! शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो पूनम शर्मा एवं डॉ. ऋषिका पाण्डे, दोनों इकाईयों की कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. आकांक्षा सारस्वत एवं सुश्री ऐश्वर्या बहुगुणा, द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया तत्पश्चात स्वयं सेविकाओं ने ह्लहमारी सुनो वंदना शारदे माँ ह्ल की सुमधुर प्रस्तुति दी। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ किया एवं श्रमदान किया बसंतपंचमी पर मुख्य रूप से माँ सरस्वती की। शिविर के दूसरे सत्र में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती व उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस को भी मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो पूनम शर्मा ने सभी स्वयंसेविकाओं को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं दी व उन्हें बताया की समाज में बालिकाओं का महत्वपूर्ण स्थान है,राष्ट्र निर्माण में नारियों की भागीदारी अति महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस तथा उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस व राष्ट्रीय बालिका दिवस के बारे में भी जानकारी प्रदान कर सभी स्वयंसेविकाओं को मतदान आवश्यक रूप से करने की शपथ दिलाई गयी। शिविर का सफल संचालन इकाई ए की कार्यक्रम अधिकारी डॉ आकांक्षा सारस्वत इकाई डी कि कार्यक्रम अधिकारी सुश्री ऐश्वर्या बहुगुणा के कुशल निर्देशन में किया गया। स्वयंसेविकाओं ने शिविर में उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की।

# भारतीय सैन समाज ने धूमधाम से मनाया कपूरी ठाकुर जयंती व वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)**। भारत रत्न जन नायक कपूरी ठाकुर की जयंती के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय सैन समाज मोदीनगर द्वारा कपूरी ठाकुर जयंती व वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया ।सर्वप्रथम मुख्य अतिथि बने नगर पालिका परिषद मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैशाली, बाबूलाल सैन गाजियाबाद व गिरीश मथुरिया समाजवादी पार्टी द्वारा संत शिरोमणि सैन जी महाराज की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह सैन ने की ।इस अवसर पर अतिथि के रूप में पंकज भारद्वाज सैन ,घनश्याम ठाकुर, अनिल सैन, राजबीर सिंह चंदेला सैन, रविदत्त सैन मुरादनगर, अनिल सामंत, किरणपाल सैन, प्रमोद तंवर एडवोकेट, निरंजन प्रकाश सैन, कृष्णराज सैन सभासद, महेश सैन पिलखुवा, उमेश चंद सैन जिला अध्यक्ष गाजियाबाद जनसेवा दल मंचासीन रहे। भारतीय सैन समाज मोदीनगर के पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित विनोद वैशाली सहित सभी मंचासीन अतिथियों का पुष्पगुच्छ व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। एडवोकेट प्रमोद तंवर व सचिव ललित राजौरिया द्वारा मंच संचालन किया गया ।इसी क्रम में सम्मिलित वरिष्ठगणों व शिक्षण, व्यवसाय व खेलकूद में प्रथम श्रेणी प्राप्त समाज के बच्चों को प्रशासित पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर उत्साह बढ़ाते हुए सम्मानित किया। भारतीय सैन समाज के अध्यक्ष ललित सैन द्वारा सभी आगंतुकों व अतिथियों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सैन के वरिष्ठ गणों के साथ बच्चों, महिलाओं, युवाओं व सैंकड़ों लोगों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# जननायक कपूरी ठाकुर के विचारों का अनुसरण बना समय की आवश्यकता



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)**। शहर कांग्रेस कमेटी मोदीनगर के तत्वाधान मे भारत रत्न जननायक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूरी ठाकुर की 102 वी जयंती शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय सुचेतापुरी में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर अध्यक्ष बृजेश कुमार सैन ने की संचालन ब्लॉक अध्यक्ष चांद वीर चौधरी ने किया।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सुनील शर्मा ने कहा की कपूरी ठाकुर के विचार कि आज राजनीति में बहुत बड़ी जरूरत है कपूरी ठाकुर सामान्य परिवार से राजनीति में आए और उन्होंने अपनी ईमानदारी राजनीतिक सुचिता के बल पर समाज को एक नई दिशा दी समाज में दबे कुचले गरीब तबके के लोगों को उन्होंने देश की राजनीति की मुख्य धारा में जोड़ने का काम किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव अभिनव शर्मा, शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष भिखारी लाल कश्यप ,कार्यालय सचिव जहुर अहमद ,नितिन सेन, अनिल पासी ,नामित कुमार ,फकीरचंद कश्यप, पवन कोरी ,संजय कुमार सेन, अनस मलिक आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर प्रधानाचार्य को गाजियाबाद गौरव सम्मान से किया सम्मानित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)**। मोदीनगर उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा डॉ मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल को गाजियाबाद गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान पत्र में कहा गया है कि डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल ने वर्ष 2024-25 मे नवाचार के माध्यम से शिक्षा के कार्यक्षेत्र में अपना अप्रतिम सहयोग प्रदान करने का स्तुत्य व श्लाघनीय प्रयास किया है। सामाजिक दायित्वों के निष्पादन में इनकी कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण एवं सेवाभाव को रेखांकित करते हुए इनको उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर गाजियाबाद गौरव सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया जाता है। सामाजिक कार्यों में इनके व्यक्तित्व व कृतत्व का योगदान अन्य व्यक्तियों के लिए अनुकरणीय है। प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल को सम्मानित किए जाने पर शिक्षा जगत से जुड़े लोगो एवं गणमान्य लोगों ने बधाई देते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी है।

# सपा कार्यकताओं ने शंकराचार्य के अपमान के खिलाफ प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)**। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने शंकराचार्य के अपमान को लेकर ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सोपा। समाजवादी पार्टी के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष देवव्रत धामा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर पहुँचे और गृहमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। देवव्रत धामा ने कहा कि सनातन धर्म का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। धमार्चार्यों का अपमान बंद करो। केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों की आस्था और भारतीय संस्कृति पर सीधा हमला है। समाजवादी पार्टी ऐसे अपमान को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। समाजवादी पार्टी सड़कों से लेकर सदन तक संघर्ष को और तेज करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में प्रशांत भटजन, सुनील द्विवेदी, विधानसभा उपाध्यक्ष अभिषेक खन्ना, राजेश जाटव, पूर्व जिलाध्यक्ष महिला सभा कमलेश चौधरी, बादल, मुनीश ठेकेदार, जावेद तोड़ी, महताब, निर्लय गुर्जर, राजेश प्रधान, शुभम त्यागी, अंकित टाइगर, निखिल गुर्जर, कुलदीप, प्रविंद्र चौधरी आदि समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, युवा साथी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे।

# दो वषीर्या बच्ची की सड़क दुर्घटना में मौत, मृतका की माँ की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**संतकबीरनगर।** शनिवार को दुधारा थाना क्षेत्र के परसोहिया में 12 वषीर्या बच्ची की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बच्ची की माँ की तहरीर पर मुकामी पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज किया है। थाना दुधारा के परसोहिया निवासिनी चन्द्रमती देवी पत्नी प्रदीप कुमार, निवासी परसोहिया, थाना दुधारा ने अपने ससुर संतराम के साथ थाने उपस्थित होकर एक लिखित सूचना दी। सूचना के अनुसार, दोपहर लगभग 12 :00 बजे उनकी दो वर्षीय पुत्री चनचन घर के सामने खेल रही थी। इसी दौरान एक ब्रेजा कार (गाड़ी संख्या : वढ58अइ4460) के चालक आनन्द यादव पुत्र गंगाराम यादव ने वाहन को तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए बच्ची के ऊपर चढ़ा दिया। इस हृदयविदारक दुर्घटना में मासूम बच्ची की मौके पर ही मृत्यु हो गई।
प्रभारी निरीक्षक अरविन्द शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मु. अ. सं. 0025/2026 धारा 281/106(1) बी.एन.एस.(इढर) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है साथ ही शव को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही (पंचनामा/पोस्टमार्टम) की जा रही है।

# सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के सतत विकास पर मंथन, एक दिवसीय ईएसजी जागरूकता कार्यशाला आयोजित

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनपद गाजियाबाद में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के विकास को गति देने के उद्देश्य से शनिवार को एक दिवसीय ईएसजी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड के अंतर्गत मैनेजमेंट, उद्यमिता एवं व्यावसायिक कौशल परिषद द्वारा भारतीय उद्योग संघ, गाजियाबाद चैप्टर के सहयोग से संपन्न हुई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उद्यमियों को सतत विकास से जुड़े विषयों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें आधुनिक कौशल और नवीन ज्ञान से सशक्त बनाना रहा। कार्यशाला के दौरान पर्यावरण, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सुशासन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से विनिर्माण इकाइयों के लिए तकनीकी उन्नयन, शून्य दोष-शून्य प्रभाव प्रमाणन के लाभ, समूह आधारित औद्योगिक विकास और डिजिटलीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के समक्ष मौजूद चुनौतियों के साथ-साथ भविष्य में उपलब्ध अवसरों पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर मैनेजमेंट, उद्यमिता एवं व्यावसायिक कौशल परिषद के जिला समन्वयक आलोक राय ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र न केवल बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करता है, बल्कि आर्थिक विकास को भी मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि परिषद उद्यमियों को आवश्यक कौशल, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर विभिन्न कार्यक्रम और पहल संचालित कर रही है। कार्यशाला में भारतीय उद्योग संघ, गाजियाबाद चैप्टर के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिव हर्ष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजय गर्ग तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने उद्योगों के सतत विकास और पर्यावरण, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सुशासन को अपनाने की आवश्यकता पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान रेसिंग एवं त्वरित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रदर्शन सुधार योजना की विस्तृत जानकारी भी दी गई। यह विश्व बैंक समर्थित योजना है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अनुमोदित किया गया है और जिसका क्रियान्वयन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य देश के उद्यमों के समग्र प्रदर्शन में सुधार लाना है। परिषद के विशेषज्ञों ने बताया कि यह योजना उद्योगों के आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह न केवल उद्यमियों की व्यावसायिक आकांक्षाओं को पूरा करने में सहायक है, बल्कि राज्यों में छोटे व्यवसायों और उद्यमिता को भी बढ़ावा दे रही है।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कैशलेस इलाज, राहवीर योजना

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (नगर) विकास कश्यप की अध्यक्षता में शनिवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की संयुक्त बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को समय पर उपचार, यातायात व्यवस्था को सुरक्षित व सुचारु बनाने तथा विद्यालयी वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम सिटी विकास कश्यप ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के उपचार में किसी भी स्तर पर देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने चिकित्सा विभाग को निर्देशित किया कि दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को 'गोल्डन ऑवर' के भीतर सूचीबद्ध अस्पतालों में नकद रहित उपचार अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए, ताकि अनमोल जीवन को बचाया जा सके। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अमित राजन राय ने बैठक को अवगत कराया कि राहवीर योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय रहते अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिक को सम्मान के साथ प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इस योजना का उद्देश्य गोल्डन ऑवर के दौरान त्वरित उपचार सुनिश्चित कर मृत्यु दर में कमी लाना है। इस पर एडीएम सिटी ने निर्देश दिए कि राहवीर योजना की जानकारी पुलिस, परिवहन, स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ आम नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुंचाई जाए। साथ ही यह विश्वास भी दिलाया जाए कि घायल की मदद करने वाले प्रत्यक्षदर्शियों को किसी प्रकार की कानूनी परेशानी नहीं होगी। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध लाभ देने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जानकारी दी गई कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद गाजियाबाद के विभिन्न मार्गों पर 22 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। इन सभी ब्लैक स्पॉट पर सुधार कार्य कराए जाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, यातायात पुलिस, परिवहन विभाग एवं एनसीआरटीसी की संयुक्त टीम गठित की गई है। टीम को एक सप्ताह के भीतर भौतिक निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। एडीएम सिटी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निर्देशित किया कि एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय व राज्य मार्गों तथा अन्य प्रमुख सड़कों पर अनधिकृत रूप से खड़े भारी वाहनों के कारण यातायात बाधित होता है और गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ऐसे सभी मार्गों पर वाहनों को सुरक्षित रूप से खड़ा करने के लिए निर्धारित होल्डिंग एरिया चिन्हित किए जाएं। विद्यालयी वाहनों की सुरक्षा को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक विद्यालय में गठित विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति की गतिविधियों की निगरानी के लिए शिक्षा विभाग से एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए। यह नोडल अधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि विद्यालयों में त्रैमासिक बैठकों का नियमित आयोजन हो रहा है या नहीं तथा उनके कार्यवृत्त जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति को उपलब्ध कराए जाएं।

# शिक्षा मंदिर में गणतंत्र दिवस का उल्लास, नन्हे बच्चों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** वैशाली सेक्टर-एक स्थित बद्रीनाथ पार्क में संचालित शिक्षा मंदिर में शनिवार को गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन समाजसेवी ममता गर्ग द्वारा किया गया, जो शिक्षा मंदिर के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रही हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र की पार्षद श्रीमती कुसुम मनोज गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंदिर में अध्ययनरत बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। नन्हे कलाकारों की कविताओं, गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और पूरे परिसर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। बच्चों के आत्मविश्वास और प्रतिभा को देखकर उपस्थित अतिथियों ने उनकी सराहना की।

इस अवसर पर पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने सभी बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम है और शिक्षा मंदिर जैसी पहलें गरीब बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और आगे बढ़कर समाज व देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक ममता गर्ग ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि शिक्षा मंदिर का उद्देश्य हर बच्चे तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाना है। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें बच्चों के अभिभावक और स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**वेलकम इंडिया**

## रंगोली, भाषण और पोस्टर प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्रों ने दिखाई सांस्कृतिक चेतना

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज, मुरादनगर में शनिवार को विविध सांस्कृतिक एवं बौद्धिक गतिविधियों का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और पोस्टर प्रस्तुति में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश के गठन, उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक महत्व से अवगत कराना रहा। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्रों में अपने प्रदेश के प्रति गर्व, जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को सशक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के माननीय चेयरमैन डॉ. आर. पी. चड्ढा ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 24 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश अस्तित्व में आया और उसी दिन से संस्कृति, इतिहास और प्रगति की एक स्वर्णिम यात्रा की शुरूआत हुई। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने देश के विकास में सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है। वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने संदेश में कहा कि उत्तर प्रदेश केवल एक राज्य नहीं, बल्कि भारत की सभ्यता और संस्कृति का हृदय है। गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र तटों से लेकर अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, आगरा और प्रयागराज जैसे ऐतिहासिक नगरों तक यह भूमि हजारों वर्षों की विरासत को संजोए हुए है। उन्होंने इसे रामायण और महाभारत जैसे महान महाकाव्यों की जन्मभूमि बताते हुए आध्यात्मिक चेतना का केंद्र कहा।
इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. एम. थंगराज एवं मुख्य प्रशासक जितेन्द्र सेहरावत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के महत्व, राज्य की विकास यात्रा और युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों से अपने प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की सफलता में माननीय चेयरमैन डॉ. आर. पी. चड्ढा एवं माननीय वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा का विशेष योगदान रहा। उनके निरंतर मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से विद्यार्थियों को ऐसे शैक्षिक एवं सांस्कृतिक मंच निरंतर उपलब्ध होते रहते हैं। संस्थान परिवार ने उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## अफॉर्डेबल हाउसिंग संकट: देश के हाउसिंग सेक्टर की स्थिति पर व्यापारी समिति ने जताई गंभीर चिंता

**गाजियाबाद।** देश के हाउसिंग सेक्टर की मौजूदा स्थिति को लेकर ट्रांस हिंडन बिल्डर वेलफेयर एसोसिएशन ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। संगठन के अध्यक्ष संदीप शुक्ला ने कहा कि हाउसिंग सेक्टर आज दोराहे पर खड़ा है। जहां लग्जरी हाउसिंग निरंतर नए रिकॉर्ड तोड़ रही है और निवेशकों की डिमांड बढ़ रही है, वहीं मिडिल और लोअर मिडिल क्लास परिवारों के लिए घर का सपना धीरे-धीरे टूटता जा रहा है। एसोसिएशन ने सरकार से अपील की है कि 1 फरवरी को पेश होने वाले बजट में अफॉर्डेबल हाउसिंग को प्राथमिकता दी जाए और ठोस घोषणाएं की जाएँ। संदीप शुक्ला ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो 2030 तक देश में अफॉर्डेबल हाउसिंग की कमी लगभग 3 करोड़ यूनिट तक पहुंच सकती है। वर्तमान में शहरी क्षेत्रों में लगभग 94 लाख अफॉर्डेबल घरों की कमी है। संदीप शुक्ला ने बताया कि यह केवल संख्या का मामला नहीं है, बल्कि लाखों मिडिल और लोअर मिडिल क्लास परिवारों का भविष्य, बच्चों की शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा इससे जुड़ा है। उन्होंने कहा कि अफॉर्डेबल हाउसिंग में देरी से हर साल करीब 15 लाख परिवार अपने घर का सपना खो देंगे। रियल एस्टेट सेक्टर की रिपोर्ट के अनुसार, 2019 में अफॉर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 38 प्रतिशत थी, जो 2025 में घटकर 18 प्रतिशत रह गई है। यह स्पष्ट संकेत है कि इस क्षेत्र पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि अफॉर्डेबल हाउसिंग केवल घरों का मामला नहीं है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संतुलन का भी प्रश्न है। ट्रांस हिंडन बिल्डर वेलफेयर एसोसिएशन ने बजट में घर खरीदने वालों के लिए कर में छूट, हाउसिंग डेवलपर्स के लिए प्रोत्साहन पैकेज, आसान लोन और ब्याज में रियायत, भूमि पर टैक्स में छूट और सरकारी सहायता जैसे कदम उठाने की मांग की है। संदीप शुक्ला ने कहा यदि सही समय पर नीतिगत हस्तक्षेप किया गया, तो न केवल हाउसिंग सेक्टर का विकास होगा, बल्कि मिडिल और लोअर मिडिल क्लास परिवारों के घर का सपना भी साकार होगा। अफॉर्डेबल हाउसिंग में देरी का मतलब हर साल लाखों परिवारों के सपनों का टूटना और सामाजिक असंतुलन बढ ?ा है। एसोसिएशन ने यह भी स्पष्ट किया कि अफॉर्डेबल हाउसिंग की समस्या केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि छोटे और मझौले शहरों में भी यह एक बड़ी चुनौती बन रही है। बजट में ठोस घोषणाएं होने से देश में हाउसिंग सेक्टर को मजबूती मिलेगी और आम नागरिकों के लिए घर का सपना साकार करना आसान होगा।

## मधुबन बापूधाम में अवैध निर्माणों पर प्राधिकरण का शिकंजा, अनधिकृत ढांचे सील

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माणों और अनधिकृत कॉलोनियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देशों के क्रम में शनिवार को मधुबन बापूधाम क्षेत्र में व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया गया। दिनांक 24 जनवरी 2026 को प्रभारी प्रवर्तन जोन-03 के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान प्राधिकरण की टीम ने बिना अनुमति किए गए कई निर्माणों को सील कर दिया। प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान खसरा संख्या 370, बुनकर मार्ट के निकट स्थित भूमि पर प्राधिकरण की स्वीकृति के बिना किए गए अनधिकृत निर्माणों को चिन्हित किया गया। इस भूमि पर अमित चौधरी, सूर्या प्रकाश, अजय सिंह, महावरी सिंह, जबर सिंह, ओमकार, जयवीर, जसवीर, उदयवीर सहित अन्य व्यक्तियों द्वारा किए गए निर्माण कार्यों को नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सील किया गया। सीलिंग की कार्रवाई के दौरान कुछ स्थानीय निर्माणकर्ताओं द्वारा विरोध का प्रयास किया गया, लेकिन प्राधिकरण पुलिस बल और स्थानीय पुलिस की सतर्कता और तत्परता से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण और विधिसम्मत ढंग से संपन्न कराई गई।

# जनसुनवाई के दौरान डीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में शनिवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा आयोजित जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को लेकर लगातार बढ़ती सहभागिता देखने को मिली। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित बड़ी संख्या में प्रार्थना पत्र और शिकायतें प्राप्त हुईं।

जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की बात को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने प्रार्थियों से यह भी जानकारी ली कि क्या उनकी समस्या को लेकर पहले भी संबंधित विभाग में आवेदन किया गया है या नहीं। जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि प्राप्त प्रत्येक शिकायत का समाधान पूर्ण गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ कराया जाएगा। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में स्थल निरीक्षण आवश्यक है, वहां बिना निरीक्षण के समाधान स्वीकार्य नहीं होगा। साथ ही, प्रत्येक शिकायत के निस्तारण के बाद संबंधित शिकायतकर्ता से फीडबैक लेना भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए, ताकि समाधान की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जन शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी अधिकारी सदैव तत्पर रहें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका प्रभावी निस्तारण किया जाए, जिससे आमजन का प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी (नगर) विकास कश्यप सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# हाउस टैक्स पर फैसले की राह देख रहा गाजियाबाद, नगर निगम ने करदाताओं से अफवाहों से दूर रहने की अपील की

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम और शहर के लाखों नागरिक इस समय हाउस टैक्स से जुड़े अंतिम निर्णय का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। शहर के विकास और राजस्व व्यवस्था को गति देने के लिए हाउस टैक्स की अटकी हुई स्थिति का स्पष्ट होना बेहद आवश्यक माना जा रहा है। यह मामला माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में जनहित याचिका संख्या 1427/2025 के रूप में विचाराधीन है, जिसे पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी एवं पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल द्वारा दायर किया गया है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, न्यायालय में निर्धारित तिथियों पर सुनवाई तो हो रही है, लेकिन याचिकाकताओं के अधिवक्ताओं की लगातार अनुपस्थिति के कारण अंतिम निर्णय में अनावश्यक देरी हो रही है। 19 नवंबर 2025, 26 नवंबर 2025 और 16 जनवरी 2026 को वाद की पुकार के समय भी वादी पक्ष के अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित नहीं पाए गए, जिससे हाउस टैक्स प्रकरण के निस्तारण की प्रक्रिया बाधित हुई है। नगर निगम का स्पष्ट कहना है कि हाउस टैक्स से जुड़ा अंतिम और सर्वोपरि निर्णय माननीय उच्च न्यायालय द्वारा ही लिया जाएगा। जब तक न्यायालय से कोई आदेश पारित नहीं होता, तब तक इस विषय में किसी भी प्रकार का बदलाव करना न केवल न्यायसंगत नहीं है, बल्कि संविधान की भावना के भी विरुद्ध होगा। नगर निगम और शहर के नागरिकों को पूर्ण विश्वास है कि माननीय उच्च न्यायालय शहर हित में न्यायोचित और संतुलित निर्णय देगा, जिससे वर्षों से चली आ रही असमंजस की स्थिति समाप्त हो सकेगी। नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एवं प्रभारी राजस्व सुनील कुमार राय ने बताया कि बीते लगभग सात महीनों से हाउस टैक्स से संबंधित मामला उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। ऐसे में नगर निगम किसी भी प्रकार की स्वतंत्र कार्रवाई नहीं कर सकता।

## नेहरू स्टेडियम में आईएमए मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार आगाज

**गाजियाबाद।** नेहरू स्टेडियम में आयोजित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट का प्रथम दिवस उत्साह और खेल भावना के साथ शुरू हुआ। बीती रात हुई वर्षा के कारण मैदान गीला होने से मैच निर्धारित समय से कुछ विलंब से प्रारंभ हुए, लेकिन खिलाड़ियों के जोश और दर्शकों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। पहला मुकाबला इंडियन मेडिकल एसोसिएशन गाजियाबाद वेस्ट और मोदीनगर की टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मोदीनगर की टीम 20 ओवर में मात्र 82 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गाजियाबाद वेस्ट की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए केवल एक विकेट के नुकसान पर 7 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

# ताज हाइवे पर नगर निगम की करोड़ों की भूमि से अवैध कब्जा हटाया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** ताज हाइवे पर नगर निगम की बेशकीमती भूमि से अवैध कब्जे के खिलाफ महापौर सुनीता दयाल ने शनिवार को सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई कराई। तिगरी गोल चक्कर के समीप स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर नगर निगम की लगभग 100 करोड़ रुपये मूल्य की भूमि पर भूसे की टाल लगाकर किए गए अवैध कब्जे को महापौर ने स्वयं मौके पर मौजूद रहकर हटवाया और करीब 16 ट्रक भूसा जब्त कर नगर निगम की गौशाला में भिजवाया। दरअसल, लगभग 15 दिन पूर्व महापौर सुनीता दयाल ने तिगरी गोल चक्कर के पास एक निर्माण कार्य का शिलान्यास किया था। उसी दौरान शहर लौटते समय उनकी नजर राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर मिजार्पुर क्षेत्र में स्थित नगर निगम की भूमि पर पड़ी, जहां बिलाल अहमद नामक व्यक्ति द्वारा भूसे की टाल लगाकर कब्जा किया गया था। महापौर ने तत्काल वाहन रुकवाकर संबंधित व्यक्ति को स्पष्ट चेतावनी देते हुए 15 दिन के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे, साथ ही यह भी कहा गया था कि निर्धारित समय में कब्जा न हटाने पर नगर निगम द्वारा कठोर कार्रवाई की जाएगी। निर्धारित समयावधि बीत जाने के बाद भी जब मौके पर कोई कार्रवाई नहीं हुई और भूसे की टाल यथावत पाई गई, तो महापौर सुनीता दयाल नगर निगम की टीम के साथ स्वयं स्थल पर पहुंचीं। स्थिति का जायजा लेने के बाद उन्होंने तत्काल नगर निगम की गाडियों और संबंधित विभागों की टीम को मौके पर बुलवाया और पूरे भूसे को गाडियों में भरवाकर जब्त कर लिया। यह भूसा नगर निगम की गौशाला में सुरक्षित रखवाया गया। महापौर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगर निगम की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ताज हाइवे जैसी महत्वपूर्ण और मूल्यवान भूमि पर भूसे की टाल की आड़ में कब्जा किया जा रहा था।

## नेताजी की जयंती व बसंत पंचमी पर संगीतमयी आध्यात्मिक राष्ट्र गाथा

**गाजियाबाद।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती और बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शनिवार को लोहियानगर स्थित हिंदी भवन में राष्ट्रभक्ति और अध्यात्म का अनूठा संगम देखने को मिला। गाजियाबाद लोक कल्याण सेवा संस्थान द्वारा आयोजित संगीतमयी आध्यात्मिक राष्ट्र गाथा 'वंदे मातरम्' कार्यक्रम में संगीत, साधना और राष्ट्रप्रेम की त्रिवेणी ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ मठ महादेव मंदिर परिसर के पीठाधीश्वर, जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता एवं दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज तथा आध्यात्मिक गुरु पवन सिंहा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

# सांस्कृतिक वैभव और विकास की झलक के साथ गाजियाबाद में भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद गाजियाबाद में शनिवार को उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का आयोजन पूरे उत्साह, गरिमा और भव्यता के साथ पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ के नेतृत्व तथा मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल के मार्गदर्शन, प्रबंधन और संचालन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेन्द्र कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मोदीनगर विधायक डॉ. मंजू सिवाच, सदर विधायक संजीव शर्मा, लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर तथा भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में समाज कल्याण, महिला कल्याण, सौर ऊर्जा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, शिक्षा, उद्योग, श्रम, कृषि, पशुपालन, दिव्यांग सशक्तिकरण, सहकारिता, आपूर्ति, खादी एवं ग्रामोद्योग, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण सहित कुल 25 विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें सरकारी योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों और गणमान्य नागरिकों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। आयोजकों की ओर से अतिथियों को प्रतीक चिन्ह एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नन्हे कलाकारों द्वारा गणेश वंदना और गंगा आरती से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात विभिन्न विद्यालयों और संस्थानों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नुक्कड़ नाटक, कहानी गीत और उत्तर प्रदेश की गौरवशाली गाथा पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।

कार्यक्रम के दौरान लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय उत्तर प्रदेश दिवस समारोह का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन को उपस्थित जनसमूह ने ध्यानपूर्वक सुना। साथ ही मेरठ मंडल पर आधारित लघु फिल्म का भी मंत्री द्वारा उद्घाटन किया गया।